


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शनिवार 05 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 358 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# अमेठी हत्याकांड पर गरमाई सियासत

## मायावती ने सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

**लखनऊ।** अमेठी में एक दलित शिक्षक समेत परिवार के चार सदस्यों की निर्मम हत्या पर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने दुख जताते हुए पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।

मायावती ने एक्स पर लिखा, यूपी के अमेठी जिले में एक दलित परिवार के चार लोगों की एक साथ की गई निर्मम हत्या की घटना अति-दुखद व चिन्ताजनक। सरकार दोषियों व वहां के पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए ताकि अपराधी बेखौफ न रहें।



**अमेठी में शिक्षक समेत पूरे परिवार की हत्या :** बता दें कि अमेठी जिले के गौरीगंज में एक दलित शिक्षक सुनील कुमार, उनकी पत्नी पूनम और दो मासूम बेटियों की देर शाम गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत की खबर से इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही सुनील कुमार को रायबरेली के ऊंचाहार से अमेठी ट्रांसफर हुआ था। गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाके में लोग घबरा गए। वारदात के बाद स्थानीय लोग सुनील कुमार, उनकी पत्नी और दोनों बच्चियों को सीएचसी सिंहपुर लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

### नहीं रहे बसपा नेता प्रेमचंद भारती, दिल्ली में हुआ निधन, गाजियाबाद में अंतिम संस्कार



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बसपा के व्यवहार कुशल चेहरे के रूप में अपनी पहचान रखने वाले प्रेमचंद भारती नहीं रहे। प्रेमचंद भारती पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के सरगंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनका उपचार चल रहा था और यहीं पर उनका निधन हो गया। प्रेमचंद भारती का अंतिम संस्कार गाजियाबाद में हिंडन मोक्ष स्थली पर किया गया। उनके निधन पर समाज के सभी वर्गों के लोगों ने शोक व्यक्त किया। प्रेमचंद भारती बसपा के जिलाध्यक्ष रहे और इस के अलावा वह बसपा में कई पदों पर रहे। उन्हें बसपा का अनुशासित सिपाही कहा जाता था और सबसे बड़ी बात ये है कि वो कार्यकर्ताओं के बीच बेहद लोकप्रिय थे। उन्हें बड़े दिल का जिलाध्यक्ष कहा जाता था। प्रेमचंद भारती के निधन का समाचार मिलते ही बसपा नेताओं में भी शोक की लहर व्याप्त हो गई।

# कोई बड़ी वजह है या फिर है कोई ऐसी मजबूरी

## सदस्यता अभियान के रिजल्ट से क्यों बना ली दावेदारों ने दूरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में चुनाव होना है और चुनाव ऐसे समय में हो रहा है जब भाजपा अपना सदस्यता अभियान चला रही है। सदस्यता अभियान की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि सांसदों से लेकर विधायक और मंडल अध्यक्षों से लेकर पार्षदों को सदस्यता का टारगेट दिया गया है। जिन्होंने टारगेट पूरा किया है वो गर्व से अभियान को पर्व की तरह मना रहे हैं और सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट डाल कर बता रहे हैं कि हमने सदस्यता अभियान का ये पड़ाव पूरा किया है और हमने इतने सदस्य बनाये हैं। बड़ी बात ये है कि जो चेहरे चुनाव में टिकट की दावेदारी कर रहे हैं उनके लिए सदस्यता अभियान में अपनी परफॉर्मेंस दिखाना एक एक्स्ट्रा प्वाईंट है। वो दावेदारी के समय ये बतायेंगे कि उन्होंने भाजपा परिवार में इतने सदस्यों को जोड़ा है। लेकिन भाजपा का सदस्यता अभियान वाला चार्ट बता रहा है कि दावेदारों ने अपना रिजल्ट बताने से दूरी बना रखी है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि इस दूरी की कोई बड़ी वजह है या फिर कोई ऐसी मजबूरी है जो वो अपना स्कोर नहीं बता रहे हैं।

**सदस्यता अभियान की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि सांसदों से लेकर विधायक और मंडल अध्यक्षों से लेकर पार्षदों को सदस्यता का टारगेट दिया गया है।**



### बजरंगी भैया सहित चार पार्षदों ने कर दिया है हजार वाला आंकड़ा पार



करंट क्राइम। पार्षदों को भी टारगेट मिला था और नगर निगम के सदन में भाजपा के 75 पार्षद हैं। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने फेसबुक पर पोस्ट डालकर बताया था कि पार्षदों को एक हजार सदस्य बनाने हैं। इसे उन्होंने पार्टी का निर्देश बताया था। नगर निगम में भाजपा के इतने बड़े पार्षद परिवार में अभी तक चार ऐसे पार्षद सामने आये हैं जिन्होंने इस एक हजार के आंकड़े को पार किया है। इनमें दो पार्षद नदिया पार के हैं और एक पार्षद मुरादनगर विधानसभा से है। साहिबाबाद से बजरंगी भैया यानी निगम पार्षद सचिन डागर ने सबसे पहले इस टारगेट को पूरा किया। उन्होंने एक हजार सदस्य का आंकड़ा पार किया। वहीं वैशाली की पार्षद नीलम भारद्वाज ने भी सक्रियता का सबूत देते हुए एक हजार से ज्यादा सदस्य बनाकर अपनी टीआरपी बताई। इसके अलावा राजनगर के पार्षद और पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी और पार्षद रवि भाटी ने भी एक हजार का आंकड़ा पार किया है, टारगेट पूरा किया है।

### 56 हैं शहर सीट से दावेदार मगर स्क्रीनशॉट से हैं सब दूर

करंट क्राइम। भाजपा की बात करें तो यहां चुनावी बेला में दावेदारी का सबसे बड़ा मेला है। यहां भाजपा का टिकट चाहने वालों की एक पूरी भीड़ है। विधिवत रूप से देखें तो 56 से ज्यादा भाजपाई शहर सीट से उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने बाकायदा संगठन में अपनी दावेदारी की है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि सदस्यता अभियान वाले सीन से दावेदार दूर हैं। कोई दावेदार ऐसा सामने नहीं आया है जो स्क्रीनशॉट डालकर ये बता रहा हो कि उसने सदस्यता अभियान में एक बड़ा आंकड़ा पार किया है।

अगर दावेदारों ने कुछ जानदार किया होता तो वो शानदार तरीके से सोशल मीडिया पर इसे साझा करते। फिर उनके समर्थक इस उपलब्धि को शेयर करते। लेकिन एक भी दावेदार का ऐसा कोई स्क्रीनशॉट फेसबुक पर दिखाई नहीं दे रहा है। ये चर्चा आम हो रही है कि दावेदारों ने सदस्यता अभियान से दूरी बना ली है।




# सुपरहिट हो रही है कवि नगर रामलीला की नई थीम

## मेला-मंचन देखने के लिए उमड़ रही है भारी भीड़

## 3 घंटे में संपूर्ण रामलीला का मंचन लोगों को आ रहा है बेहद पसंद







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर रामलीला मैदान में श्री धार्मिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित होने वाली रामलीला हर वर्ष की भांति भी इस साल धूम मचाने का काम कर रही है। रामलीला में लोगों की अब भीड़ उमड़ रही है। इसके साथ ही यहां पहली बार आयोजित हो रही 3 घंटे में संपूर्ण रामलीला की थीम भी लोगों को पसंद आ रही है। 7:30 बजे से शुरू होकर चलने वाली रामलीला को देखने के लिए रोजाना हजारों लोग आ रहे हैं। इस रामलीला को महोत्सव का रूप देने के लिए इंडियन रिवाइवल ग्रुप नई दिल्ली के मंझे हुए कलाकार अपने शानदार प्रस्तुतीकरण और मंचन से लोगों को भाव विभोर करने का काम कर देते हैं। इसके साथ ही मंच पर जिस अंदाज में कलाकार भगवान श्रीराम, लंका के राजा रावण और सीता हरण से लेकर लंका दहन का मनोरम मंचन करते हैं उसे देखकर हर कोई मंत्र मुक्त हो जाता है। यहां मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र को इस तरह प्रस्तुत किया जाता है कि लोग जब आरती के दौरान उपस्थित होते हैं तो वह ईश्वर की भक्ति में लीन हो जाते हैं। रामलीला मैदान कविनगर में रोजाना हजारों की संख्या में लोग लीला के साथ लगे विशाल मेले, झूले और पकवानों को लुत्फ भी उठा रहे हैं।

### मेला, स्टॉल और लाइटिंग कर रही है सभी को आकर्षित

**करंट क्राइम :** रामलीला मैदान कवि नगर में आयोजित श्री धार्मिक रामलीला समिति की टीम इस पूरी रामलीला के मेले को जिले ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदों तक पहुंचाने का प्रयास करती है। यही कारण है कि हर बार रामलीला में कुछ ना कुछ नया होता है। इस बार जो 3 घंटे में संपूर्ण रामलीला का मंचन किया जा रहा है, उसकी चर्चा दूर-दूर तक हो रही है। अलग-अलग वर्ग और अलग-अलग उम्र के लोग रोजाना रामलीला का आनंद ले रहे हैं।

गुरुवार को तो खासतौर पर लीला देखने के लिए इटली सरकार की रक्षा मंत्रालय के उच्च अधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल भी विशेष रूप से कवि नगर रामलीला मैदान पहुंचा था।

यहां रामलीला देखने के साथ रामायण पर लगाई गई प्रदर्शनी का भी इन लोगों द्वारा आनंद लिया गया। मेले में लगे बड़े-बड़े झूले, आधुनिक स्टॉल और फिश एक्वेरियम जैसे मनोरंजन के कोने पर लोगों अपने परिवार और बच्चों के साथ यहां समय बिताने के लिए लेकर पहुंच रहे हैं।

### ललित जायसवाल और उनकी टीम बना रही है रामलीला मेले को आकर्षक



**करंट क्राइम :** रामलीला मैदान कवि नगर में श्री धार्मिक रामलीला समिति की पूरी टीम रामलीला के मेले को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए कई दिनों तक मेहनत करती है। उसी का नतीजा है कि हर बार रामलीला मेले को लेकर लोगों का उत्साह और उमंग बढ़ती जाती है। खुद अध्यक्ष ललित जायसवाल प्रतिदिन अपनी टीम के साथ यहां घंटों समय देते हैं। यहां की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ ही कलाकारों की प्रस्तुति को करीब से देखते हैं। इसके साथ ही यहां सुरक्षा, सफाई और पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी उपयुक्त इंतजाम रहता है ताकि यहां मेले का आनंद लेने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। ललित जायसवाल और उनकी टीम में भूपेंद्र चोपड़ा, गुलशन बजाज, विवेक मित्तल, दिवाकर सिंघल, दीपक अग्रवाल, अजय गुप्ता, बीपी कौशिक, नवेंदु सक्सेना, अजय अग्रवाल व दिव्यांशु सहित बड़ी संख्या में एक्टिव मेंबर भी नजर आते हैं।

# विपक्ष वाले गठबंधन में मिल रहे हैं दरार आने के संकेत

## सपा उतारेगी अपना उम्मीदवार और कांग्रेस लायेगी अपना चुनावी फेस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो ये सियासत में कहावत है कि यहां कोई भी स्थायी दोस्त या स्थायी दुशमन नहीं होता है। राजनीति में दोस्ती समीकरण की होती है और हाथ चुनावी माहौल देखकर मिलाये जाते हैं। विधानसभा में पहले कांग्रेस और सपा मिलकर आये थे। फिर ये दोस्ती टूट गई और लोकसभा में सपा-बसपा और रालोद मिलकर लड़े। पांच साल बाद फिर सीन बदला और रालोद वाले भाजपा में चले गये और कांग्रेस वालों ने सपा से हाथ मिला लिया। लोकसभा चुनावों के बाद अब ये संकेत मिल रहे हैं कि हाथ और साईकिल के बीच ज्यादा साथ नहीं है और उपुचनाव में टिकट को लेकर किल-किल शुरू हो गई है। सूत्र बताते हैं कि सपा और कांग्रेस गठबंधन में दरार आ गई है। अब वो करार नहीं रहा है और अब दोनों दलों के बीच वो सियासी प्यार नहीं रहा है। अब अपनी अपनी चुनावी लड़ाई दोनों दल खुद लड़ना चाहते हैं। सूत्र बताते हैं कि गठबंधन में दरार आ गई है और यहां यानी गाजियाबाद विधानसभा सीट के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी अपना उम्मीदवार उतारने जा रही है और कांग्रेस अपना चुनावी फेस लेकर आयेगी।



### गठबंधन की दरार क्या देगी भाजपा को सियासी सुकून

करंट क्राइम। उपचुनाव की बात करें तो यहां भाजपा को चुनावी चुनौती गठबंधन से ही मिलती दिखाई दे रही थी। हालांकि भाजपा इस बात को नकारती आयी है कि उसे गठबंधन से कोई चुनौती मिल रही है। लेकिन सियासी लोग ये मानते हैं कि गठबंधन के उम्मीदवार को नीले वोट भी मिलते और वो यहां फाईट की स्थिति में रहना है। हालांकि अब जब राहें अलग- अलग हो रही हैं तो सवाल ये उठ रहा है कि क्या गठबंधन की दरार भाजपा के लिए सियासी सुकुन लेकर आयेगी। क्या भाजपा के लिए चुनाव में चुनौती बनता गठबंधन अब बिखर जायेगा। भाजपा को इससे कितना लाभ होगा ये देखने की बात है।

### आ रहे हैं सपा के प्रभारी और मिल गया संदेश चुनाव की करो तैयारी

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी में चुनावी हलचल शुरू हो गई है। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस के पयवेक्षक पहले आकर यहां बायोडाटा ले गये हैं और अब समाजवादी पार्टी के भी प्रभारी आ रहे हैं। समाजवादी संगठन के पास ये संकेत आ चुके हैं कि सपा के प्रभारी आने वाले हैं और ये संदेश मिल गया है कि शहर सीट पर उपचुनाव लड़ने की तैयारी की जाये। संगठन की ओर तैयारी शुरू हो गई है और हाईकमान स्तर पर उम्मीदवारों के नाम पर मंथन होने लगा है।

### कांग्रेस में चल रहा है सुशांत गोयल का नाम सबसे मजबूत



करंट क्राइम। कांग्रेस के पर्यवेक्षक आकर चुनाव लड़ने की तमन्ना रखने वाले कांग्रेसियों से उनके बायोडाटा ले गये हैं। सूत्र बताते हैं कि अगर कांग्रेस खेमे की बात की जाये तो यहां दिवंगत पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रकाश गोयल के पुत्र सुशांत गोयल का नाम मजबूती से चल रहा है। सुशांत गोयल पहले भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार भी वो दावेदारी में हैं और यहां कांग्रेस खेमे में उनके नाम की दावेदारी की चर्चा मजबूत बतायी जा रही है।

### समाजवादी साइकिल को देगा माइलेज अभिषेक गर्ग का नाम



करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी की बात करें तो यहां सियासी हलचल पहले से है और अब चुनावी हलचल शुरू हो गई है। शहर सीट पर समाजवादी पार्टी अगर वैश्य चेहरे को लाती है तो यहां उसे इसका चुनावी लाभ मिलेगा। समाजवादी चेहरों में अभिषेक गर्ग के नाम पर मुहर लग सकती है। अभिषेक गर्ग सपा के उच्च शिक्षित और सौम्य चेहरे हैं। अपने व्यवहार से वो सामने वाले को कायल करते हैं। बीते दिनों कई समाजवादी मामले उन्होंने दोनों पक्षों को बिठाकर गांधीवादी तरीके से समाप्त करा दिये और फिर से दो पक्षों के दिल मिला दिये। कार्यकर्ता के लिए वो हमेशा आगे आते हैं। समाजवादी चेहरे के रूप में अभिषेक गर्ग की स्वीकार्यता शहर वाले मददाताओं में भी है। ये नाम अगर आता है तो समावादी साईकिल को चुनावी माईलेज मिल सकता है।

### क्या करेगी सपा कंसीडर विशाल वर्मा के नाम को एज-ए-लीडर



करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी अगर अपना उम्मीदवार लायेगी तो यहां वो बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश करेगी। एक प्रयोग वो पहले कर चुकी है जब उसने विधानसभा में जनरल सीट पर दलित चेहरे के रूप में विशाल वर्मा को उतारा था। विशाल वर्मा चुनाव भले ही हार गये थे लेकिन बड़ी संख्या में वो वोट ले गये थे। ऐसे में ये एक सवाल है कि क्या समाजवादी पार्टी फिर से विशाल वर्मा के नाम को एज-ए-लीडर कंसीडर करेगी। क्या पार्टी उन्हें चुनावी चेहरा बनायेगी।

# जब हम शांत होते हैं, तभी दूसरों के प्रति सहानुभूति और प्रेम का भाव रख सकते हैं :राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

## अपने भाषण में विश्व शांति, अध्यात्म, ग्लोबल वार्मिंग, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन और पर्यावरण पर की बात



**राजस्थान।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन में शुक्रवार सुबह 9.30 बजे वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दौरान मुर्मु ने अपने भाषण में विश्व शांति, अध्यात्म, ग्लोबल वार्मिंग पर बात करते हुए केंद्र सरकार की योजनाएं स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत योजना की सराहना भी की। इसके पूर्व सुबह मान सरोवर परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर 140 करोड़ देशवासियों से पौधारोपण का आह्वान किया।

डायमंड हॉल में आध्यात्मिकता द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज विषय पर आयोजित सम्मेलन में संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि आज विश्व के अनेकों हिस्सों में अशांति का वातावरण व्याप्त है।

मानवीय मूल्यों का ह्रास हो रहा है। ऐसे समय में शांति और एकता की महत्वता और अधिक बढ़ रही है। शांति केवल बाहर ही नहीं, बल्कि हमारे मन की गहराई में स्थित होती है। जब हम शांत होते हैं, तभी हम दूसरों के प्रति सहानुभूति और प्रेम का भाव रख सकते हैं। इसलिए मन, वचन, कर्म सबको स्वच्छ रखना होगा। आध्यात्मिक मूल्यों का तिरस्कार करके केवल भौतिक प्रवृत्ति का मार्ग अपनाना अंततः विनाशकारी सिद्ध होता है।





### कर्मों का सुधार कर ही बेहतर इंसान बन सकता है

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आध्यात्मिकता का मतलब धार्मिक होना या सांसारिक कार्य का त्याग करना नहीं है। आध्यात्मिकता का अर्थ है अपने भीतर की शक्ति को पहचानकर अपने आचरण और विचारों में शुद्धता लाना है। कर्मों का त्याग करके नहीं कर्मों का सुधार कर ही बेहतर इंसान बन सकता है। विचारों और कर्मों में शुद्धता जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन और शांति लाने का मार्ग है। स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए भी यह आवश्यक है। स्वच्छ और स्वस्थ शरीर में ही पवित्र अंतःकरण का वास होता है। स्वच्छता केवल बाहरी वातावरण में नहीं बल्कि हमारे विचारों और कर्मों में भी होना चाहिए। हम परमात्मा की संतान हैं। परमात्मा की तरह हम भी विचित्र हैं। हम स्वच्छ और शुद्ध थे लेकिन यहां पर आकर हमने अपने आप को दाग लगाया। काम, क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा से हमारी आत्मा पर विकारों की मैल चढ़ गई है, जिसे शुद्ध बनाए जाने की जरूरत है।

# हापुड़ आएंगे कथा वाचक प्रदीप मिश्रा: 5 से 9 अक्टूबर तक सुनाएंगे श्री शिव महापुराण, आईजी ने किया निरीक्षण

- लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद
- सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ क्षेत्र के बाईपास स्थित एक इंस्टीट्यूशन में 5 अक्टूबर से अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) द्वारा श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा शुरू होने से पहले, बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने शहर में कलश यात्रा निकाली। जिसमें हजारों भक्त शामिल हुए। कथा स्थल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए मेरठ रेंज के आईजी ने भी निरीक्षण किया है।

### कथा का आयोजन और यात्रा

शुक्रवार को श्री चंडी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो तहसील चौपला, मंशा देवी मंदिर, बुलंदशहर रोड होते हुए बाईपास स्थित जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन पहुंचकर समाप्त हुई। कथा आयोजकों ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इस आयोजन में लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। श्री शिव महापुराण कथा 5 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक हर दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।



### सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

कथा में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए जिले के अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। मेरठ रेंज के आईजी नचिकेता झा ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर, सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा, सीओ पिलखुवा अनीता चौहान सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### बेटी की गोद भराई के लिए रखी नकदी चोरी

लोनी, करंट क्राइम। बेटी की गोद भराई के लिए रखी 1.50 लाख की नकदी अलमारी का ताला तोड़कर चोरी कर ली गई। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी थाने की सरलकुंज कॉलोनी निवासी गुड्डी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह अपने गांव से बेटी की गोद भराई के लिए 1.50 लाख रुपए की नकदी लाई थी। वह किसी काम से बेटी के साथ बाहर गई थी। इसी दौरान अलमारी का ताला तोड़कर किसी ने सारी नकदी चोरी कर ली। पीड़िता ने मकान में रहने वाले दूसरे किराएदार पर आशंका प्रकट करते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### रंगदारी मांगने का विरोध करने पर मांस व्यापारी को बदमाशों ने मारी गोली



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी बॉर्डर थाने की पंचवटी कॉलोनी में गुरुवार शाम 7 :30 बजे विकास वाल्मीकि को चार-पांच बदमाशों ने कंधे पर गोली मारकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि हमलावर विकास वाल्मीकि से रंगदारी की मांग कर रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि गुरुवार शाम 7 :30 बजे लोनी बॉर्डर थाने की पंचवटी कॉलोनी में मास की दुकान चलाने वाला विकास वाल्मीकि अपने घर से दो-तीन मकान छोड़कर बाहर चबूतरे पर बैठा हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान शिवा वाल्मीकि अपने चार-पांच साथियों के साथ वहां पहुंचा और विकास वाल्मीकि के कंधे में गोली मारकर फरार हो गया। उसे उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले गए। वहां उसका ऑपरेशन चल रहा है तथा स्थिति गंभीर बताई जा रही है। विकास के पिता संजय वाल्मीकि का आरोप है कि बदमाश पहले भी उनके ऊपर दो बार हमला कर चुके हैंऔर रंगदारी की मांग करते हैं। इस बार 50 हजार की मांग कर रहे थे। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### मोदीनगर में प्रिंसिपल ने छात्रों को डंडों से पीटा: परिजनों के साथ पहुंचकर पुलिस को दी तहरीर



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर में दो छात्रों ने प्रिंसिपल पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित डॉ. केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स इंटर कॉलेज के दो छात्रों ने प्रधानाचार्य एवं एक शिक्षक पर डंड़ों से पीटने का आरोप लगाया है। आरोप है कि दोनों ने छात्रों को दोड़ा-दौड़ाकर पीटा गया है। कोतवाली में परिजन के साथ पहुंचकर छात्रों ने तहरीर दी है। छात्रों के शरीर पर डंडे से मारने के निशान दिखाई दे रहे हैं। भूपेंद्रपुरी कॉलोनी निपासी ईशान और सुमित 10 एवं 11 वीं के छात्र है। छात्रों का कहना है कि वह अपनी कक्षा में जा रहे थे। इसी बीच प्रधानाचार्य एक शिक्षक के साथ पहुंचे। दोनों ने छात्रों को पीटना शुरू कर दिया। जिससे छात्र बचाव करते हुए भगाने लगे। जिस पर दोनों ने छात्रों को डंडों से दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। छात्रों ने घर पहुंचकर परिजन को इसकी सूचना दी। इसके बाद परिजन घायल छात्रों को लेकर कोतवाली मोदीनगर में पहुंचे। छात्रों द्वारा पुलिस को आपबीती सुनाई गई। मामले में दोनों छात्रों की तरफ से तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है। कॉलेज के प्रिंसिपल सतीश चंद अग्रवाल का कहना है कि दोनों छात्र कक्षा में जाकर नशा कर रहे थे। दोनों को डांटने के बाद कक्षा में जाने के लिए कहा गया था। जिस पर छात्रों ने अभद्रता की। बेरहमी से मारपीट करने का आरोप निराधार है।

### हापुड़ में पेपर मिल में लगी आग:5 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी, लाखों के नुकसान की आशंका



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में सिटी कोतवाली इलाके के मोदी नगर रोड पर स्थित एक गत्ता फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि पूरी फैक्ट्री इसकी चपेट में आ गई। सूचना मिलने पर 5 फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। फिलहाल आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार मोदी नगर रोड पर गांव बदनौली के पास नवीन गुप्ता की पेपर मिल है। शुक्रवार की दोपहर अचानक पेपर मिल में आग लग गई। देखते-देखते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग बढ़ता देख 5 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। इसके बाद फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग लगने से लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया। एफएसओ नरेश कुमार ने बताया कि आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। अभी आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिली है। जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### पुणे के पास 21 साल की युवती से सामूहिक दुष्कर्म पुरुष मित्र पर भी हमला, तीन लोगों पर आरोप



**मुबई ।** पुणे के बाहरी इलाके में तीन लोगों ने 21 वर्षीय युवती के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। इस दौरान महिला के पुरुष मित्र पर भी हमला किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार रात करीब 11 बजे बोपदेव घर इलाके में सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। कोंढवा पुलिस के अनुसार, महिला अपने पुरुष मित्र के साथ इलाके में गई थी। पुणे पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवती और उसका पुरुष मित्र गुरुवार देर रात बोपदेव घर इलाके में गए थे। जहां तीन अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके पीछे के लोगों का पता लगाने के लिए 10 पुलिस दल बनाए गए हैं। कोंढवा पुलिस स्टेशन के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि घटना एक सुनसान जगह पर हुई और तीनों ने महिला के पुरुष मित्र पर भी हमला किया।

## डिप्टी स्पीकर नरहरी झिरवाल, मंत्रालय की तीसरी मंजिल से कूदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी स्पीकर नरहरी झिरवाल मंत्रालय की तीसरी मंजिल से कूद गए। हालांकि मंत्रालय में लगे जाल की वजह से उनकी जान बच गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, झिरवाल धनगर समाज को एसटी कोटे में शामिल किए जाने का विरोध कर रहे हैं। नरहरी झिरवाल एनसीपी के विधायक हैं। घटना शुक्रवार को घटी, जब धनगर समाज को एसटी कोटे में आरक्षण देने के खिलाफ झिरवाल ने मंत्रालय की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। हालांकि मंत्रालय में जाल लगा होने की वजह से वे जाल पर गिरे, जिससे उनकी जान बच गई। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में धनगर समाज को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने की मांग की जा रही है। हालांकि आदिवासी वर्ग के नेताओं द्वारा धनगर समाज की इस मांग का विरोध किया जा रहा है। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी धनगर समाज को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। दरअसल मंत्रालय में शुक्रवार को आदिवासी विधायक धनगर समुदाय को अनुसूचित जनजाति कोटे में आरक्षण देने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे।

# सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट के मामले में दो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने जांच कर दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बताते चलें कि बुधवार को कृष्णानगर कॉलोनी में नगर पालिका के सफाई कर्मी के साथ मारपीट करने का मामला गर्माया हुआ था। जिसको लेकर सफाई कर्मियों ने एकजुट होकर थाने पुलिस अधिकारियों से आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर हंगामा किया था। जिसके बाद पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड 17 निवासी सुन्दर पाल नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मचारी पद पर कार्यरत है। बुधवार की सुबह सुंदरपाल कृष्णानगर कॉलोनी में नाली की सफाई कर रहे थे। इसी बीच कॉलोनी निवासी दो युवक आए और मारपीट करते हुए सफाई कर्मचारी को जातिसूचक शब्द भी कहे। मौके पर एसीपी ज्ञानप्रकाश राय पहुंचे और उन्होने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह सफाई कर्मचारियों को शांत किया। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मोनू, हन्नी निवासी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच के बाद अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

## कॉलेज परिसर में छेड़छाड़ का विरोध करने पर छात्रा व पिता के साथ मारपीट



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक पीजी कॉलेज में बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर आरोपियों ने छात्रा व उनके पिता की बेहरमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोप है कि कुछ युवक छात्रा को काफी समय से तंग व परेशान करते चले आ रहे थे, मौका मिलने पर वह छात्रा के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करते थे। छात्रा ने तंग होकर सारा किस्सा अपने परिजनों को बताया। छात्रा की ओर से इस घटना में शामिल कई युवकों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है, पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि छात्र के साथ 25 सितंबर को छेड़छाड़ की गई थी, गुरुवार को सिर्फ झगड़ा हुआ था। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी हर्षित को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी की तलाश जारी है।

## बदल गया केजरीवाल का पता, पीएम मोदी के और करीब पहुंचे, अब यहां से देंगे बीजेपी को चुनौती



**नई दिल्ली ।** शराब घोटाले में अदालत से जमानत पाने के बाद अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया था। आम आदमी पार्टी और स्वयं केजरीवाल ने इसे उनका बड़ा 'त्याग' बताया था। केजरीवाल ने कहा था कि वे मुख्यमंत्री का पदभार तभी ग्रहण करेंगे जब जनता की अदालत में उन्हें 'बेदाग' होने का सर्टिफिकेट मिल जाएगा। उसी समय उन्होंने यह घोषणा कर दी थी कि वे अपना मुख्यमंत्री आवास भी छोड़ देंगे। आज नवरात्रि के दूसरे दिन उन्होंने 6, फ्लैगस्टाफ रोड वाला बंगला छोड़ दिया है। अब वे 5, फिरोजशाह रोड के बंगले पर रहेंगे जो उनकी पार्टी के सांसद अशोक मित्तल को एलॉट किया गया है। मुख्यमंत्री के रुप में पिछले करीब दस साल से अरविंद केजरीवाल अब तक 6, फ्लैगस्टाफ रोड, सिविल लाइन में रहते आए थे। यहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आवास 7, लोक कल्याण मार्ग करीब 14 किलोमीटर दूर था। दिल्ली के आम दिनों की ट्रैफिक में यह दूरी करीब एक घंटे में तय हो सकती है। लेकिन अब वे लुटियन जोन में आ गए हैं। पार्टी सांसद अशोक मित्तल को 5, फिरोजशाह रोड पर बंगला एलॉट हुआ है। अब केजरीवाल अपने परिवार के साथ यहीं रहेंगे। इस बंगले से प्रधानमंत्री के आवास की दूरी केवल पांच किलोमीटर ही रह गई है। नई संसद तो इससे भी आधी यानी करीब 2.4 किलोमीटर ही रह गई है। यानी इस नए बंगले में आकर अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के और करीब आ गए हैं। अब वे ज्यादा जोर से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने की कोशिश कर सकेंगे।

चूंकि, आम आदमी पार्टी को एलॉट हुआ नया बंगला 1, पंडित रविशंकर शुक्ला लेन फिरोजशाह रोड के ठीक पीछे ही है, अब वे दिल्ली विधानसभा चुनाव की सारी गतिविधियां यहीं से संचालित करेंगे। उनका आवास और पार्टी कार्यालय अधिक करीब होने से वे पार्टी की गतिविधियों के लिए अधिक समय दे सकेंगे।

# उच्च न्यायालयों को अपने पहले के आदेशों को बदलने का अधिकार है या नहीं, तय करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली ।** सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह खुली अदालतों में उच्च न्यायालय द्वारा सुनाए गए फैसलों को रद्द करने के मुद्दे पर नया नियम बनाएगा। यानी उच्चतम न्यायालय यह तय करेगा कि उच्च न्यायालयों को अपने पहले के आदेशों को बदलने का अधिकार है या नहीं। दरअसल, शीर्ष अदालत के सामने एक मामला सामने आया, जिसमें मद्रास उच्च न्यायालय ने एक पूर्व आईपीएस अधिकारी के खिलाफ धनशोधन के मामले को रद्द कर दिया था। लेकिन बाद में अपने आदेश में संशोधन कर मामले की फिर से सुनवाई की।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी एम.एस. जाफर सैट के खिलाफ धनशोधन के मामले की कार्यवाही को रद्द किया। यह मामला तमिलनाडु आवास बोर्ड के भूखंडों के आवंटन से जुड़ा था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 22 नवंबर तय की है। जाफर सैट ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके मामले पर कुछ ही दिनों के भीतर दोबारा सुनवाई हुई, जबकि पहले उनकी याचिका को मान्यता दी गई थी।

सर्वोच्च न्यायालय ने पहले मद्रास उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी थी। 30 सितंबर को उच्च न्यायालय की रिपोर्ट की समीक्षा करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के दोबारा सुनवाई के फैसले को 'बिल्कुल गलत' करार दिया। मद्रास उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 21 अगस्त को सैट के खिलाफ कार्यवाही को इस आधार पर रद्द किया था कि सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) की ओर से दर्ज किया गया मुकदमा उच्च न्यायालय पहले ही रद्द कर चुका है। बाद में इस आदेश को रद्द कर दिया गया और मामले की फिर से सुनवाई की गई, जिसमें फैसला सुरक्षित रखा गया।

सैट के मुताबिक, 2011 में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें उन पर तमिलनाडु आवास बोर्ड के भूखंडों का अवैध आवंटन करने का आरोप लगाया गया था।

## नोएडा में सेमीकंडक्टर के लिए लगेगी यूनिट: कंपनी 2350 करोड़ का करेगी निवेश

**नोएडा करंट क्राइम।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ईडा) भारत सेमी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को 50 एकड़ भूमि आवंटित करने जा रहा है। ये एक स्टार्टअप कंपनी है, जोकि यमुना के सेक्टर-10 में सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित कर सकता है। यह निर्णय जुलाई 2024 में कंपनी के औपचारिक अनुरोध के बाद लिया गया। जिसे 30 सितंबर को ईडा के सीईओ अरुण वीर सिंह ने मंजूरी दी। भारत सेमी सिस्टम्स ने घरेलू सेमीकंडक्टर उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की पहल पर भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत इकाई लगाने का अनुरोध यीडा में किया था। भारत सेमी सिस्टम्स ने कुल 2,350 करोड़ के निवेश की योजना की रूपरेखा तैयार की। इसमें 800 करोड़ का निवेश फर्स्ट फेज में करने की बात कही है। कंपनी ने विशेष रूप से ईडा के सेक्टर 10 में 50 एकड़ भूमि के आवंटन करने का अनुरोध किया।

पत्र में कंपनी ने सेमीकंडक्टर प्लांट के लिए बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं के बारे में बताया। शुरूआत में उन्हें प्रति घंटे 150,000 लीटर पानी की आवश्यकता होगी, जो बाद में बढ़कर 250,000 लीटर प्रति घंटे हो जाएगी।

इस पर स्पष्टीकरण मांगा कि क्या यीडा के पास वाटर रिसाइकिल या जीरो डिस्चार्ज सुविधाओं की योजना है। इसके अतिरिक्त उन्हें लगभग 50 मेगावाट बिजली देने की क्षमता वाले सबस्टेशन की आवश्यकता होगी।

यीडा के सीईओ ने इसके जवाब में लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया। जिसमें सेक्टर 10 में कंपनी को 50 एकड़ के भूखंड के लिए मंजूरी की पुष्टि की गई। एकऊअ ने यह भी दोहराया कि भूमि आवंटन उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नीति दिशा- निदेर्शों और अन्य नियामक मानदंडों के अधीन होगा।

# महाराष्ट्र में चुनाव से पहले बीजेपी को झटका

## हर्षवर्धन पाटिल समर्थकों के साथ शरद गुट में शामिल होंगे

- हर्षवर्धन पाटिल 1995-99 के दौरान शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार में कृषि और विपणन राज्य मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं।



**मुंबई ।** महाराष्ट्र भाजपा नेता हर्षवर्धन पाटिल ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह अपने समर्थकों के साथ एनसीपी (सपा) में शामिल होंगे। इससे एक दिन पहले उन्होंने मुंबई में पार्टी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। मुलाकात गुरुवार को पवार से दक्षिण मुंबई में उनके सिल्वर ओक्स आवास पर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने दावा किया कि शरद पवार ने उनसे उनकी पार्टी में शामिल होने और विधानसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव अगले महीने होने की संभावना है। इंदापुर सीट से चार बार विधायक चुने जा चुके हर्षवर्धन पाटिल फिर से इंदापुर से चुनाव लड़ना चाहते हैं। फिलहाल इस सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा के गठबंधन सहयोगी एनसीपी के पास है। पार्टी स बार फिर से मौजूदा विधायक दत्तात्रेय भरणे को मैदान में उतार सकती है।

हर्षवर्धन ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैंने अपने राजनीतिक रुख को लेकर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। हमने ढाई घंटे से अधिक समय तक विस्तृत चर्चा की। चूंकि, इंदापुर सीट महायुति के मौजूदा विधायक के पास जा रही है, इसलिए उन्होंने मुझे दूसरे विकल्प का आश्वासन दिया। हालांकि, यह विकल्प मेरे लिए संभव होता, लेकिन यह मेरे समर्थकों और मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने समर्थकों के साथ बैठक की और उनके साथ एनसीपी (सपा) में शामिल होने का फैसला किया।

### राजनीतिक करियर

हर्षवर्धन पाटिल 1995-99 के दौरान शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार में कृषि और विपणन राज्य मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने 1995 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। वे 1999 से 2014 तक कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सरकार के दौरान मंत्री थे। वे 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और सहकारिता और संसदीय मामलों के मंत्री बने थे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# आज से लगेंगे इंदिरापुरम को विकास के पंख निगम को मिली 70 करोड़ की पहली किश्त

## इंदिरापुरम के कार्यों को लेकर पार्षदों संग हुई अधिकारियों की मीटिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम हैंडोवर का मामला अब सफलता और प्रगति की ओर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। इंदिरापुरम में अब विकास होगा और नगर निगम यहां की कमान अपने हाथों में लेगा। इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम को अनुबंध के तहत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा पहली किश्त दी गई है। पहली किश्त के रूप में नगर निगम को 70 करोड़ रुपए दिए गए हैं। आने वाले कुछ ही दिनों में इंदिरापुरम के विकास कार्यों और सुधार कार्यों को लेकर सभी काम धरातल पर शुरू कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को पहली किश्त मिलने के बाद इंदिरापुरम के प्रमुख पार्षद नगर निगम पहुंचे और उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज से मुलाकात की। जिसमें क्षेत्र के विकास और अन्य होने वाले कार्यों को लेकर बातचीत की गई है। इस दौरान विकास कार्यों और अन्य समस्याओं को वार्ड-98 से पार्षद अनिल तोमर, वार्ड-81 से धीरज अग्रवाल, वार्ड-79 से हरीश और वार्ड-99 के पार्षद पति अभिनव उपस्थित हुए।





### नगर आयुक्त का अधिकारियों को एस्टीमेट प्रक्रिया को लेकर निर्देश

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा नगर निगम अधिकारियों को इंदिरापुरम के सभी कार्यों को लेकर एस्टीमेट प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही अधिकारियों को अपने-अपने विभाग संबंधित कार्यों की लिस्ट बनाने और टेंडर प्रगति को तेजी से कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ नगर आयुक्त द्वारा बताया गया है कि जब तक इंदिरापुरम के कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती तब तक गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और गाजियाबाद नगर निगम जनहित में आपसी समन्वय से कार्य करता रहेगा। क्षेत्र वासियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। नगर आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को अतिशीघ्र समस्त कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही 15 से 20 दिन के भीतर सभी कार्यों को धरातल पर सफलतापूर्वक करने के लिए भी कहा गया है।

### सफाई, सुधार और मरम्मत कार्य पर रहेगा विशेष फोकस

**करंट क्राइम।** नगर निगम के अधिकारियों की प्लानिंग है कि 70 करोड़ रुपए आने के बाद जो काम प्रमुखता के साथ होने हैं, उनका पूरा प्लान और टेंडर के साथ ही बजट बना लिया जाए ताकि कोई भी काम बीच में ना रुके। इसके साथ ही मरम्मत कार्य और जो विकास कार्य बनाए जाने हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर अधिकारी आपसी संबंध में से डिसाइड करें ताकि क्षेत्र की जनता को विकास का लाभ मिले और विकास काम धरातल पर भी नजर आएं। अधिकारियों का मानना है कि जल्द ही इस पूरे मामले को लेकर नगर आयुक्त के नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेते हुए इंदिरापुरम क्षेत्र के लोगों को सुधार कार्य प्रदर्शित किए जाएंगे।

# दिख तो रहे हैं यहां हाथों में हाथ, पर पता तो चले कौन है किसके साथ

## कोई है जो कर रहा है अपने की पैरवी और किसी का अंदाज ऐसा मैं पार्टी के साथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत की बेला में सबसे बड़ा खेला ही चुनाव के समय होता है। ये एक ऐसी घड़ी होती है जब सब को अपनी-अपनी पड़ी होती है। कई बार जिससे उम्मीद होती है कि वो हमारी उम्मीदवारी की सिफारिश करेंगे वो खुद ही दावेदार हो जाते हैं। कई बार सिफारिश के चेहरे ऐन मौके पर पलटी मार जाते हैं। कई बार यहां दिखाई कुछ देता है और हो कुछ और रहा होता है। अब चुनाव वाला पर्चा भरा जाना है और उससे पहले चर्चा का पूरा बाजार गर्म रहेगा। कौन सा चेहरे किसके साथ है इसको लेकर कयास लगाये जायेंगे। बताने वाले बताते हैं कि यहां हाथों में हाथ तो कई दिखाई दे रहे हैं लेकिन कौन किसके साथ है ये पता लगाना बहुत मुश्किल है। कई ऐसे हैं जो अपनों की पैरवी कर रहे हैं और कई चेहरे फिर से गोमती नदी बनने जा रहे हैं। वो खुद को पार्टी का अनुशासित कार्यकर्ता साबित करने में लग गये हैं। बंद कमरे में वो भले ही किसी की सिफारिश कर आयें लेकिन सामने वो यही कह रहे हैं कि जिसे भी पार्टी टिकट देगी मैं उसे ही चुनाव लड़वाऊंगा। मेरा उम्मीदवार कमल का फूल है और मैं कमल के फूल के लिए ही वोट मांगूंगा। बहरहाल यहां कई नामों पर चर्चा चल रही है। कई नामों को लेकर कयास लगाये जा रहे हैं।



### बड़े जनप्रतिनिधि का कौन खास-संजीव शर्मा-सतेन्द्र चौधरी या ललित जायसवाल

**करंट क्राइम।** शहर सीट पर उपचुनाव होना है और चुनाव के लिए टिकट चाहिए और टिकट के लिए ये देखा जायेगा कि कौन किसके निकट है। बड़े जनप्रतिनिधि तो बड़े दिल वाले हैं और इंकार वो किसी को करते नहीं है लेकिन रियल वाला चुनावी प्यार किसे करते हैं, ये पता अब चलेगा। उनके खास चेहरों में भगवा कमांडर है। उनके खास चेहरों में भगवा सतेन्द्र चौधरी हैं और उनके दिल के गार्डन में सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन है। सबसे खास कौन है इसका पता तो खुद बड़े जनप्रतिनिधि बता सकते हैं लेकिन चर्चाओं वाले खेमे से ये तीन नाम शार्ट लिस्ट होकर आये हैं।

### हैवीवेट वालों का रहेगा किधर झुकाव-आशा शर्मा-मयंक गोयल या फिर पवन का नाम

**करंट क्राइम।** हैवीवेट वाले पोलिटिक्स के चाणक्य माने जाते हैं। एक बार वो गोमती नदी हो गये थे और इस बार वो अपने दिल को दरिया रखेंगे या फिर से गोमती नदी हो जायेंगे ये देखने की बात है। लेकिन चर्चा वाले बाजार में वो नाम हैं जिनके लिए ये माना जा रहा है कि उनका झुकाव इधर हो सकता है। पूर्व मेयर आशा शर्मा के नाम पर वो संस्तुति की मुहर लगा सकते हैं। मयंक गोयल का नाम आता है और जब मयंक गोयल का नाम आता है तो यहां पवन गोयल का नाम भी आता है। इन सब नामों को लेकर हैवीवेट वालों के दिल में क्या आता है ये अभी उनके दिल में ही है। वैसे पंजाबी चेहरे पर भी कुछ सॉफ्ट वाला रुख इनका नजर आ रहा है।

### लगायेंगे त्यागी जी किस पर मुहर-भगवा कमांडर-संघ वाले मयंक या फिर पंजाबी फेस

**करंट क्राइम।** त्यागी जी की सबसे खास बात ये है कि वो मोहब्बत और नाराजगी दोनों ही पूरी शिद्दत से करते हैं। जो जुबान पर है वो ही दिल में रखते हैं। उनके दिल में कौन से दल वाले का नाम है यहां आकर वो भी पोलिटिक्ल हो जाते हैं लेकिन फिर भी दल वाले बताते हैं कि उनके दिल में पंजाबी फेस भी है और संघ वाले शर्मा का नाम भी है। ऐसा नही है कि यहीं मामला रूक जायेगा क्योंकि बात अजीजों की है तो भगवा कमांडर का भी नाम है।

### राज्यसभा वाले हैं खुद दावेदार और हर खेमे में चल रहा है उनका नाम

**करंट क्राइम।** राज्यसभा वाले अब विधानसभा में आना चाहते हैं। गाजियाबाद की राजनीति में ये कोई नई बात नहीं है। यहां लोकसभा सांसद रहने के बाद सुरेन्द्र गोयल दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ें। चार बार लोकसभा सांसद रहने के बाद रमेश चंद तोमर धौलाना से विधानसभा का चुनाव लड़े। ऐसे में अगर राज्यसभा सांसद रहने के बाद अनिल अग्रवाल चुनाव लड़ना चाहते हैं तो ये कोई नया मामला नहीं है। बड़ी बात ये है कि उनको समर्थन हर खेमे से मिल रहा है। हर खेमे में उनका नाम चल रहा है। सुना है क्रांतिकारी धरा वाले जनप्रतिनिधि उन्हें शिद्दत से विधायक देखना चाहते हैं।

### कॉलेज वाले गोयल जी के दिल में बसा है ऑनली पंजाबी फेस

**करंट क्राइम।** कॉलेज वाले गोयल जी एमएलसी हैं और राय तो उनकी भी ली जानी है। सिफारिश का नाम तो वो भी बतायेंगे। माना की पार्टी का निर्णय सर्वोपरि है लेकिन अपनी पसंद तो सब बतायेंगे। सुना है कि कॉलेज वाले गोयल जी के दिल में पंजाबी फेस बसा है। अगर बात सैंकण्ड ऑप्शन की आ गई तो फिर यहां लोहिया नगर वाले गोयल जी का नाम भी उनकी जुबान पर आ सकता है। मगर उनका दिल तो ज्यादा बल्ले-बल्ले ही कर रहा है।

### अजय शर्मा के संग हैं विधायक जी और संघ

**करंट क्राइम।** अजय शर्मा दावेदार हैं और नदिया पार से लेकर वो अब शहर सीट पर दावेदारी में हैं। एक्टिव मोड की राजनीति करते हैं और अपने लिए वो टिकट की सपोर्ट भी जुटा लेंगे और टिकट मिला तो वोट भी जुटा लेंगे। दल वाले बता रहे हैं कि उनके संग एक विधायक जी पूरी ताकत से हैं और संघ वालों का भी परम सानिध्य उन्हें मिलेगा। विधायक जी का संग और संघ वालों का परम सानिध्य कितना असरकारक होगा ये आने वाला समय बतायेगा।

# 13 से 19 अक्टूबर तक मनाया जाएगा महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव

## रक्तदान शिविर से होगा शुभारंभ और पुरस्कार वितरण से समापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महर्षि वाल्मीकि चुनाव कमेटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव के उपलक्ष पर 13 से 19 अक्टूबर तक एक सप्ताह का समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें रक्तदान शिविर, पौधारोपण, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम एवं गायन प्रतियोगिता के साथ ही विशाल शोभायात्रा एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

शुक्रवार को महर्षि वाल्मीकि पार्क नवयुग मार्केट में आयोजित पत्रकारवार्ता में महानगर अध्यक्ष पिंके टॉक और वाल्मीकि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने जानकारी दी है कि 13 अक्टूबर को रक्तदान शिविर से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा और 19 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ इसका समापन होगा। सभी कार्यक्रम महर्षि वाल्मीकि महोत्सव पार्क नवयुग मार्केट गाजियाबाद में आयोजित किए जाएंगे।

### 17 अक्टूबर को निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा, निकलेंगी रंगा-रंग झाकियां

#### सर्व समाज की रहेगी भागीदारी, जनप्रतिनिधि भी रहेंगे मेहमान



**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष पिंके टॉक ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम में शहर के सभी समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया। इसके साथ ही सांसद, विधायक, मेयर, एमएलसी, पार्षद, व्यापारी नेता और अन्य प्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम में अतिथि के रूप में निमंत्रण भेजा गया है। बताया गया है कि 17 अक्टूबर को जो विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी, उसमें बड़ी संख्या में झांकियां को शामिल किया जाएगा। झांकियां में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले झांकी कलाकारों और उनकी टीम को भी समिति की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान प्रदीप चौहान ने जानकारी दी है कि 13 अक्टूबर को दोपहर 12 :00 से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। तो वहीं 14 अक्टूबर को शाम 5 :00 बजे पौधारोपण कार्यक्रम होगा। 15 अक्टूबर को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सुबह 11 :00 से होगी। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और बच्चों को शामिल किया जाएगा। 16 अक्टूबर को शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम एवं गायन प्रतियोगिता होगी, जिसमें शाम 5 :00 बजे से कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं 17 अक्टूबर को शहर के प्रमुख मार्गो से विशाल शोभा यात्रा शाम 3 :00 बजे से निकल जाएगी और 19 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। जानकारी दी गई है कि सभी कार्यक्रम महर्षि वाल्मीकि महोत्सव नवयुग मार्केट में आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार को हुई प्रेसवार्ता के दौरान महर्षि वाल्मीकि प्रकोट उत्सव कमेटी का कहना है कि भगवान श्रीराम जितने पूजनीय हैं। उतने की महर्षि वाल्मीकि भी। उन्होंने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि जयंती को पूरे उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

# बेनतीजा रही सपा नेताओं की विवाद सुलझाने वाली बैठक, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

## संगठन भी नहीं सुलझा पाया दोनों के बीच का विवाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के दो नेताओं के बीच सोशल मीडिया पर शुरू हुई हॉट-टॉक अब मुकदमे की ओर पहुंच गई है। इस मामले में कवि नगर थाना पुलिस ने सपा नेता असलम कुरैशी की शिकायत पर समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा पर मुकदमा दर्ज किया है। वहीं जानकारी मिली है कि शुक्रवार को दोनों नेताओं के बीच जुबानी विवाद सुलझाने के लिए जो बैठक हुई थी, वह भी नहीं बन पाई है। जानकारी मिली है कि एक वैश्य नेता द्वारा दोनों पक्षों को बैठाकर इस पूरे मामले को हल कराने का प्रयास किया गया था। इस बैठक में सपा संगठन के लोग भी बुलाए गए थे। दोनों ही नेता अपने-अपने पक्ष के लोगों के साथ पहुंचे पर दोनों को लेकर काफी देर तक बातचीत हल करने के प्रयास हुए लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि पूरा मामला फिलहाल सुलझ नहीं पाया है।






### घंटों चली बैठक, बात और मिलाप के बाद भी लिखित में नहीं हुआ कोई समझौता

**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के सूत्रों से जो जानकारी मिली है कि सपा नेता जीतू शर्मा और असलम कुरैशी के विवाद को सुलझाने के लिए पार्टी के नेताओं और संगठन के चेहरे खुलकर सामने आए थे। दोनों को अपना-अपना पक्ष रखने और सोशल मीडिया पर इस तरीके की भाषा और जज्बात रखने को लेकर नाराजगी जाहिर की गई। दोनों नेताओं से कहा गया कि वह भविष्य में इस तरीके की गलती ना करें। इसको लेकर काफी देर तक बैठक मंत्रणा हुई। इस दौरान दोनों ने मौखिक रूप पर सहमति जताई लेकिन कोई लिखित करार नहीं हुआ था। जिसके कुछ देर बाद दोनों फिर अपनी अपनी बातों को मानने के लिए तैयार नहीं थे और समझौता नहीं हो पाया।

### पुलिस ने मिली शिकायत के अनुसार दर्ज किया मुकदमा

**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के नेता असलम कुरैशी ने पुलिस को शिकायत दी थी कि सपा नेता जीतू शर्मा ने उनको एक सोशल मीडिया के ग्रुप पर अमर्यादित बातचीत और टिप्पणी की। जिसको लेकर पूरा विवाद शुरू हुआ था। उन्होंने इस मामले में धमकी देने और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने की शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत के साथ मिले स्क्रीनशॉट के आधार पर इस मामले में सपा नेता जीतू शर्मा पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी कवि नगर का कहना है की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही इस मामले में आगे विवेचना की जाएगी।

# कुट्टू आटा खाने से नंदग्राम में 17 लोग बीमार होने के बाद एक्शन में आया प्रशासन

## ढाई कुंतल कुट्टू का आटा सीज, कई स्थानों पर की गई छापेमारी

### लोगों को सलाह कुट्टू खाएं तो शीतल पदार्थों का भी करें सेवन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के नंदग्राम क्षेत्र में नवरात्रि के पहले दिन 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी ने कुट्टू के आटे की पकौड़ी और पूरी खाई थी। जिसको ग्रहण करने के बाद बेचैनी, उल्टी और पेट दर्द में शिकायत हुई थी। सभी बीमारों को मरियम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पता चला है कि सभी ने नंदग्राम क्षेत्र में ही एक चक्की से आता खरीदा था, अस्पताल में भर्ती सुविधा शर्मा, नीलम, चंदू और वर्षा ने बताया है कि घर में कुट्टू के आटे की पकौड़ी और पुरियां बनाई थी। रात को व्रत खोलने के बाद सभी की अचानक तबियत बिगड़ गई थी। उधर शुक्रवार को आयुक्त खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन के निर्देश में जिलाधिकारी व एडीएम सिटी गंभीर सिंह के नेतृत्व में गाजियाबाद में कई स्थानों पर कुट्टू के सैंपल भरे जाने के साथ ही कुट्टू के आटे को सील किया गया है। कई लोगों को इस दौरान नोटिस भी जारी किए गए हैं।







### बिजनौर को गाजियाबाद से सप्लाई हुआ था कुट्टू का आटा

**करंट क्राइम।** बिजनौर में कुट्टू का आटा खाने से बीमार होने की जानकारी के बाद गाजियाबाद में प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जगत एंड कंपनी किराना मंडी गाजियाबाद में सबूत कुट्टू का नमूना लेते हुए मौके पर 244 किलोग्राम सबूत कुटटू को सीज किया गया है। इसके साथ ही बजरिया रेलवे रोड स्थित ऐकेजी फूड इंडस्टरीज खाद्य कारोबार परिसर से कुट्टू का आटा, सामा के चावल, साबूत कुट्टू की गिरी पैकेट, साबूत कुट्टू गिरी, साबूदाना पीली मिर्च के कुल 6 नमूने लिए गए हैं। मौके पर 1200 मूल्य के 10 किलो कुट्टू के आटा और 2300 मूल्य के 23 किलो कुट्टू की गिरी सहित अन्य खाद्य सामग्री जप्त की गई है।

### जांच के लिए 26 नमूने भेजे गए प्रयोगशाला

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई है कि कुट्टू के आटे और नवरात्रि अभियान में अब तक कुल 26 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला को भेजे गए हैं। इन नमूनों की जांच के उपरांत जांच परिणाम के अनुसार संबंधित खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अनुसार आवश्यक विधि कार्रवाई की जाएगी। वहीं सहायक आयुक्त खाद्य जनपद गाजियाबाद अरविंद कुमार यादव ने लोगों से अपील की है कि वह खुले कुट्टू और सिंघाड़े का आटा ना खरीदें। जहां से भी सामान लें वह उपयुक्त दुकान हो और कुट्टू और सिघाड़े के आटे सेवन करने के साथ ही ठंडा खाद्य पदार्थ दही, छाछ और पानी का पर्याप्त मात्रा में सेवन भी अवश्य करें।

## संपादकीय

# खुले में शौच पर जीत अभी बाकी

दस वर्ष पहले महात्मा गांधी की जयंती पर शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान को कुछ उल्लेखनीय सफलताएं हासिल हुई हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 82.5 फीसदी परिवारों की पहुंच अब शौचालय तक है जबकि 2004-05 तक यह आंकड़ा केवल 45 फीसदी था। अब 70 फीसदी परिवारों में शौचालय की सुविधा है जबकि 2004-05 में केवल 29 फीसदी परिवारों में शौचालय थे। खुले में शौच में भारी कमी आई है और इसके साथ ही बीमारियों का खतरा भी कम हुआ है। नवजात शिशुओं की मौत के मामले भी कम हुए हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इसे उल्लेखनीय प्रगति माना जाना चाहिए। परंतु 2019 में देश को ह्यखुले में शौचमुक्तह्ण घोषित करके जरूर सरकार ने समय से पहले जश्न मना लिया। आंकड़ों पर करीबी नजर डालें तो पता चलता है कि खुले में शौच से लड़ाई में अभी निर्णायक जीत हासिल होनी बाकी है। इस मामले में प्रमुख चुनौती अभी भी ग्रामीण भारत में है जहां खुले में शौच की समस्या आज भी बड़ी है। शौचालयों तक पहुंच में सुधार हुआ है और 2019-20 तक यह 90 फीसदी पहुंच चुकी थी लेकिन इनके इस्तेमाल में कमी आई है। विश्व बैंक के मुताबिक 2022 में देश की 11 फीसदी आबादी खुले में शौच कर रही थी। यह आंकड़ा पड़ोसी देशों अफगानिस्तान और पाकिस्तान से भी खराब है जहां क्रमश: 8.8 और 6.8 फीसदी आबादी खुले में शौच करती पाई गई। निवेश और जागरूकता कार्यक्रमों में कमी, व्यय में कटौती और कार्यक्रम के क्रियान्वयन और उसे जारी रखने में सीमित संस्थागत प्रणाली की कमी के कारण भी स्थिति खराब हुई। ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में इस अभियान के लिए बजट आवंटन में 2018-19 से ही निरंतर कमी आ रही है। जबकि इस बीच जल जीवन मिशन जैसे अन्य कार्यक्रमों में आवंटन बढ़ा है। शहरी कार्यक्रम की बात करें तो उदाहरण के लिए वित्त वर्ष 24 में बजट अनुमान 5,000 करोड़ रुपये कर दिया गया जो वित्त वर्ष 23 के 1,926 करोड़ रुपये के वास्तविक व्यय से भी अधिक था लेकिन बाद में इसे आधा कम करके 2,550 करोड़ रुपये कर दिया गया। ग्रामीण कार्यक्रम की बात करें तो वित्त वर्ष 24 और वित्त वर्ष 25 में आवंटन अपरिवर्तित है। आवंटन में यह कमी कुछ हद तक इस आधार पर सही ठहराई जा सकती है कि कार्यक्रम के गति पकड़ने के बाद अब हर वर्ष कम शौचालयों की आवश्यकता है। परंतु अभी भी रखरखाव और दूरदराज तक अधोसंरचना विकास मसलन ठोस कचरा प्रबंधन और कीचड़ हटाने आदि के लिए बजट की जरूरत है। वास्तव में शौचालयों के ठीक से काम नहीं करने, पानी की अनुपलब्धता और शौचालयों के संपूर्ण ढांचे का निर्माण न होने को लोगों ने शौचालयों का इस्तेमाल करना बंद करने की प्रमुख वजहों के रूप में प्रस्तुत किया है। लोगों ने खुले में शौच को व्यक्तिगत पसंद का मामला भी बताया है जिससे संकेत मिलता है कि अभी भी लोगों को इसे लेकर शिक्षित करने तथा जागरूक बनाने के मामले में शुरूआती उत्साह को बरकरार रखने के लिए अभी काफी कुछ किया जाना शेष है। इस उत्साह ने आरंभ में प्रतिभागियों और नौकरशाही दोनों को काफी उत्साहित किया था। स्वच्छ भारत कार्यक्रम से हासिल लाभ बहुत महत्त्वपूर्ण हैं और इन्हें फंड की कमी या संगठनात्मक गतिहीनता के कारण गंवाना दुखद होगा। अगर प्रगतिशील ढंग से विकेंद्रीकरण किया जाए तो अधिक टिकाऊ लाभ हासिल हो सकते हैं। इस दौरान केंद्र सरकार जमीनी स्तर पर संस्थागत क्षमता निर्माण की दिशा में काम कर सकती है। वह राज्य सरकारों और शासन के तीसरे स्तर के साथ सहयोग कर सकती है। अगर मानव और आर्थिक विकास के मोर्चे पर लाभप्रद ऐसी योजना केवल केंद्र सरकार की परियोजना बनकर रह जाती है तो यह भी अच्छी बात नहीं होगी।

## भारत में सेवा क्षेत्र का विस्तार नवंबर 2023 के बाद सबसे धीमा, पीएमआई के आंकड़े जारी



**नई दिल्ली।** पीएमआई सूचकांक को 0 और 100 के बीच मापा जाता है। जिसमें 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा क्षेत्र में संकुचन को दशार्ता है। सितंबर सेवा क्षेत्र की वृद्धि में नरमी आने का एक कारण निर्यात के नए ऑर्डरों में कमी आना रहा। भारत में सेवा क्षेत्र का विस्तार सितंबर में नवंबर 2023 के बाद सबसे धीमी गति से हुआ। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई सर्वे ने इसकी पुष्टि की है। ये आंकड़े नए कारोबार और वैश्विक स्तर पर बिक्री व आउटपुट पर आधारित हैं। सितंबर में पीएमआई इंडेक्स का आंकड़ा अगस्त के 60.9 की तुलना में कम होकर 57.7 रहा। हालांकि, यह इंडेक्स के न्यूट्रल मार्क 50.0 के ऊपर सफल रहा। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई ने शुक्रवार को दिखाया कि नए व्यवसाय, अंतर्राष्ट्रीय बिक्री और उत्पादन के मामले में भारत में सेवा क्षेत्र की वृद्धि नवंबर 2023 के बाद सबसे धीमी दरों पर बढ़ी। एसएंडपी ग्लोबल की ओर से संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई सर्वेक्षण के अनुसार सितंबर में सूचकांक मूल्य 50.0 के तटस्थ निशान से ऊपर रहा। अगस्त के 60.9 से गिरकर 57.7 पर आने वाले हेडलाइन आंकड़े ने विस्तार की एक नरम, हालांकि अब भी ऐतिहासिक रूप से मजबूत दर का संकेत दिया। पीएमआई सूचकांक को 0 और 100 के बीच मापा जाता है। जिसमें 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा क्षेत्र में संकुचन को दशार्ता है। सितंबर महीने में सेवा क्षेत्र की वृद्धि में नरमी आने का एक कारण निर्यात के नए ऑर्डरों में कमी आना रहा। 2024 में विस्तार की दर अब तक सबसे कमजोर रही है। फिर भी, कुछ फर्मों ने एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, मध्य पूर्व और अमेरिका से लाभ हासिल किया। सर्वे के अनुसार, सेवा कंपनियों के मार्जिन में और कमी आने की संभावना है।

# भारत में अगले 5 वर्षों में प्रति व्यक्ति आय कम से कम 2000 डॉलर बढ़ेगी: वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ने के कारण अगले पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय कम से कम 2,000 डॉलर बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से शुक्रवार को यह बयान दिया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत को प्रति व्यक्ति आय 2,730 डॉलर करने में 75 वर्ष का समय लगा है, लेकिन अगली छलांग तेज होने की उम्मीद है। इसकी वजह देश में निवेश का बढ़ना और सरकार द्वारा नीतिगत सुधारों को जारी रखना है। वित्त मंत्रालय द्वारा परिकल्पित और इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ (आईईजी) द्वारा आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि देश के पास डेमोग्राफिक डिविडेंड है और 43 प्रतिशत जनसंख्या 24 साल के कम की है, जिसके कारण भारत में खपत तेजी से बढ़ रही है। हम अन्य देशों की अपेक्षा काफी अच्छा कर रहे हैं। इसमें विकसित देश भी शामिल है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि आज के समय में उन देशों के लिए अर्थव्यवस्था को बढ़ना मुश्किल हो रहा है। वहीं, हमारे देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और दुनिया की सबसे तेजी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। नीति आयोग के एक दस्तावेज के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था 2047 तक बढ़कर 30 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और इस दौरान प्रति व्यक्ति आय 18,000 डॉलर होने का अनुमान है। भारत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और 2032 जीडीपी के 10 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है। आने वाले वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था में हर 1.5 वर्ष में एक ट्रिलियन डॉलर का इजाफा होगा। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। 2024-25 में इसके 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

## भारत और अमेरिका ने महत्वपूर्ण खनिजों पर समझौता किया : वाणिज्य मंत्री



**वाशिंगटन।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ऐलान किया कि भारत और अमेरिका ने महत्वपूर्ण खनिजों पर एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों के बीच यह समझौता भारतीय खान मंत्रालय और उसके अमेरिकी समकक्ष के बीच क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी और उपकरणों के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति का रास्ता खोलेगा। इस एमओयू के साथ दोनों देशों को किसी तीसरे देश में जॉइंट प्रोजेक्ट लॉन्च करने और दूसरे देशों से निवेश को लेकर मदद मिलेगी  केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ अपनी बैठकों की समीक्षा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह समझौता ज्ञापन दोनों देशों के लिए किसी तीसरे देश में संयुक्त परियोजनाएं शुरू करने और अन्य देशों से निवेश प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस समझौता ज्ञापन पर गुरुवार को अमेरिका द्वारा आयोजित छठे भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद में हस्ताक्षर किए गए। इस आयोजन की अध्यक्षता वाणिज्य मंत्री गोयल और उनकी अमेरिकी समकक्ष जीना रायमोंडो ने की।

## लगातार पांचवें दिन लाल निशान में शेयर बाजार बंद, निवेशकों के 4 लाख करोड़ रुपये डूबे



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। यह लगातार पांचवें दिन था, जब बाजार में गिरावट देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 808 अंक या 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,688 और निफ्टी 235 अंक या 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,014 पर था। दिन के कारोबार के दौरान शेयर बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स ने 81,532 से लेकर 83,368 और निफ्टी ने 24,966 से लेकर 25,485 की रेंज में कारोबार किया। गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप संयुक्त रूप से करीब 4 लाख करोड़ रुपये कम होकर 461 लाख करोड़ रुपये हो गया है। बीएसई बेंचमार्क में एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, एचयूएल, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे। इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, विप्रो, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, टीसीएस और एसबीआई टॉप गेनर्स थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली हुई है। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 550 अंक या 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,747 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 193 अंक या 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,758 पर बंद हुआ। ऑटो, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, पीएसई और सर्विसेज सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। केवल आईटी और पीएसयू बैंक इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुए हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव दशार्ने वाले इंडिया विक्स 7.21 प्रतिशत बढ़कर 14.12 पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों का कहना है कि मध्य पूर्व में संघर्ष का छोटी अवधि में शेयर बाजार पर असर दिखाई देगा, क्योंकि बड़ी संख्या में निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं और रिकवरी आने पर बिकवाली की स्ट्रेटजी को अपना रहे हैं। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती के ऐलान के बाद बढ़े आईटी सेक्टर छोड़कर अन्य सभी सेक्टर जैसे एफएमसीजी, रियल्टी और ऑटो में गिरावट देखी जा रही है।

## राशिफल

**मेष :** किसी पुराने साथी से विवाद होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में दोनों के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। हालांकि लव पार्टनर के रोमांटिक पल गुजरेंगे।

**वृष :** मन विचलित रहेगा और आपको लगेगा कि कोई धोखा दे रहा है। सही बात जानने के लिए बिना बात किए अहंकार से बचें और सामाजिक मेलजोल का सहारा लें।

**मिथुन :** पति-पत्नी और अविवाहित जोड़े एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अगर किसी के करीब हैं और उसे दिल की बात बताना चाहते हैं तो वो आपको बताऊंगा।

**कर्क :** घर में शादी की शहनाई बजाई जा सकती है। शादी के लिए अच्छा समय चल रहा है। आज आपको अपने प्रिय से खुशखबरी मिलेगी।

**सिंह :** अपने मन को शांत रखेंगे तो इस दिन अपने पार्टनर से वह सब मिलेगा जो आप चाहते हैं। लिव इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या :** प्रेमी आई लव यू कहने के लिए बेताब दिखेगी। लोगों की शादी चल रही है, उन्हें सफलता मिल सकती है। विवाहित को ससुराल पक्ष से परेशानी हो सकती है।

**तुला :** नए रिश्ते पर भरोसा आज आपके रिश्तों में कड़वाहट ला सकता है। पार्टनर के साथ बाहर की यात्रा हो सकती है। टूटे हुए रिश्ते फिर से बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** नए लव पार्टनर पर भरोसा नहीं कर पाएंगे और बदतमीजी करेंगे। रिश्ते में विश्वास रखें। सहकर्मियों के साथ यात्रा करनी पड़ सकती है।

**धनु :** पार्टनर के बीच जो था उसे लेकर तनाव आज खत्म हो सकता है। अगर आप अपने प्रियजन को प्रपोज करते हैं तो आपको जवाब में हां मिल सकती है।

**मकर :** लव लाइफ में मन की मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। दिन हल्का चलने वाला है। सब कुछ स्वाभाविक रूप से न लें। लव लाइफ में कुछ अहम बदलाव हो सकते हैं।

**कुंभ :** प्रेमी को लेकर मन में भ्रम रहेगा। प्यार पाने के लिए महंगे गिफ्ट खरीदेंगे। आज प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। प्रेमी को प्रभावित करने के लिए महंगे उपहार खरीदेंगे।

**मीन :** नए प्रेम संबंध बनेंगे। प्रेमी आपके बारे में क्या सोचता है इस बारे में मन उत्सुकता से भरा रहता है। परिवार में धार्मिक पूजा होने की संभावना है।

## चुटकुले

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया
पंडित - तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है
चिंटू - वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करुं
पंडित बेहोश।

---

रात में चिंटू को एक मच्छर ने काट लिया।
चिंटू गुस्से में रात भर मच्छर मारने के लिए उसके पीछे चप्पल लेकर भागता रहा, ऐसा करते-करते सुबह हो गई। फिर भी वह मच्छर को मार नहीं पाया।
चिंटू-चलो कोई बात नहीं, इसे मार तो नहीं पाया, लेकिन शुक्र है कि मैंने इसे रात भर सोने नहीं दिया।

---

मम्मी-चिंटू, तुम बहुत शरारती हो। बंदर जैसी हरकत करते-करते देखने में भी बंदर जैसे लगने लगे हो।
चिंटू-लेकिन मम्मी, पड़ोस वाली आंटी तो कहती हैं कि तुम बिल्कुल अपने पापा की तरह दिखते हो।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग सोचते हैं कि उनकी राय दूसरों के मुकाबले बेहतर है, वे अपने प्रासंगिक ज्ञान को अधिक महत्व देने और अधिक जानने के अवसरों को अनदेखा कर सकते हैं, एक अध्ययन में पाया गया।
- साल 2015 में जर्मनी में सबसे ज्यादा आश्रय अनुरोध थे।
- सावधानीपूर्ण और कुशल इंजीनियरिंग के कारण आकाशीय बिजली ने 1963 से किसी भी विमान को नुक्सान नहीं पहुँचाया है, क्यूंकि यह आकाशीय बिजली के बोल्ट के बिजली के चार्ज को विमान के माध्यम से चलाता है और इसके बाहर चला जाता है।
- कई आइसलैंड निवासियों के लिए, विश्व युद्ध 2 वास्तव में 'धन्यवाद युद्ध' के रूप में जाना जाता है क्योंकि देश की आजादी के लिए धन्यवाद देने का युद्ध है।
- जब स्टीव जॉब्स अपनी मृत्युसैय्या पर थे, तो उन्होंने पांच अलग ऑक्सीजन मास्क मांगे ताकि वह सर्वश्रेष्ठ डिजाइन के साथ एक चुन सकें।
- यदि आप वास्तविक जीवन में राक्षसों और पिशाचों के बारे में जानना चाहते हैं, तो आप एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में पैराप्सिओलॉजी में पीएचडी प्राप्त कर सकते हैं।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'हमें परिणाम पाने के लिए थोड़ा जोखिम लेना होगा' : रोहित शर्मा



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने खिलाड़ियों को बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में मिली जीत का श्रेय दिया, जिन्होंने जोखिम लेकर बारिश की वजह से दो दिन का खेल धुलने के बावजूद जीत दिलाई। पहले तीन दिन केवल 35 ओवर हो पाए थे, लेकिन भारत ने मौसम, समय और बांग्लादेश को मात देते हुए 2-0 से सीरीज जीत ली और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) में अपनी बढ़त को और मजबूत किया।

चौथे दिन लंच के बाद भारत ने बांग्लादेश को 233 रन पर ऑलआउट कर दिया था।इसके बाद रोहित के नेतृत्व में भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी की। खुद्र रोहित ने पहली दो गेंदों पर छक्के लगाए। अन्य बल्लेबाजों ने भी इस तरह से बल्लेबाजी की यह जानते हुए कि इससे परिणाम किसी भी ओर जा सकता है।

रोहित ने बीसीसीआई डॉट टीवी पर कहा, गेंदबाजों ने पहले अच्छा काम किया। उन्होंने वे विकेट लिए जिसकी हमें जरूरत थी और जब हम अंदर गए तो हमें परिणाम पाने के लिए थोड़ा जोखिम तो लेना था। मैं जानता हूं कि परिणाम किसी भी ओर जा सकता था, लेकिन मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यही कोच गौतम गंभीर और अन्य खिलाड़ी भी सोच रहे थे क्योंकि आपको इस तरह के फैसले लेने के लिए साहसी होना पड़ता है। जब चीजें सही हुई तो सभी कुछ अच्छा दिखने लगा और यहीं से चीजें तेजी से बदल सकती हैं। अगर चीजें सही जगह नहीं हों तो हर कोई इस फैसले की आलोचना करता लेकिन मायने यह रखता है कि हम चेंजिंग रूम के अंदर क्या सोचते हैं। यही मायने रखता है और इसी के साथ हम उस मैच में उतरे थे। रणनीति साफ थी कि हम परिणाम चाहते थे और कैसे हम परिणाम पा सकते हैं। हर कोई इसका जवाब तलाश रहा था। मुझे लगता है कि यह शानदार सीरीज थी।इस सीरीज से ध्यान नहीं हटाया जा सकता।रोहित की कप्तानी में भारत ने तीनों प्रारूपों में आक्रामक रूख अपनाया है, यहां तक कि विश्व कपों में भी और कानपुर में भी कुछ अलग नहीं था, जहां डब्लूटीसी अंक दांव पर थे। तो रोहित के लिए आक्रामकता के क्या मायने है? उन्होंने कहा, मेरे लिए आक्रामकता आपका कार्य है।यह मेरी प्रतिकिया के बारे में नहीं है : जिस तरह की बल्लेबाजी हम करते हैं, जिस तरह का श्रेत्ररक्षण हम लगाते हैं, जिस तरह की गेंदबाजी हम करते हैं, तो मेरे लिए यही आक्रामकता है।देखिए, अन्य दस खिलाड़ियों की मदद के बिना और जाहिर तौर पर ड्रेसिंग रूम में बैठे लोगों की मदद के बिना यह संभव नहीं होता कि दो से ढाई दिन गंवाने के बाद भी हम मैच जीते।

## कुछ अहम कैचों ने बदला मैच का रुख



रोहित बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान भारत की फील्डिंग, खासकर उनकी स्लिप कैचिंग से भी प्रभावित थे। यह यशस्वी जायसवाल ही थे जिन्होंने कानपुर में पहले दिन टोन सेट किया था, जहां उन्होंने जाकिर हसन को शून्य पर आउट करने के लिए एक अच्छा लो कैच पकड़ा था। फिर, बांग्लादेश की दूसरी पारी में जायसवाल ने गली में रहते हुए एक और अच्छा कैच पूरा किया और शादमान इस्लाम को 50 रन पर वापस भेज दिया और भारत को जीत के लिए प्रेरित किया।

# टी20 महिला विश्व कप में दीप्ति शर्मा पर रहेगी दुनिया की नजर



**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2024 की शुरूआत हो चुकी है और 10 टीमें खिताब की दावेदारी पेश करने के लिए मैदान में है। इस बार टूनार्मेंट में भारतीय महिला टीम भी एक मजबूत दावेदार है। कई भारतीय खिलाड़ी शानदार फॉर्म और लय में नजर आ रही हैं, जो भारत के लिए एक्स फैक्टर साबित हो सकती हैं।

टूनार्मेंट में भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा, जो बाएं हाथ से बल्लेबाजी करती हैं और दाएं हाथ से ऑफ ब्रेक गेंदबाजी भी करती हैं, का नाम भी बड़े खिलाड़ियों में शुमार है, क्योंकि उन्होंने हाल ही में टी20 फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया। डब्ल्यूपीएल और महिला हंड्रेड में उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया।महिला एशिया कप में भी उनका प्रदर्शन सराहनीय था।



दीप्ति शर्मा को डब्ल्यूपीएल 2024 में मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर ऑफ टूनार्मेंट का अवॉर्ड मिला था। उन्होंने बल्ले से 295 रन और 10 विकेट लेने के बाद यह पुरस्कार हासिल किया। दीप्ति ने पूरे टूनार्मेंट में 8 मैच में 295 रन बनाए। उनका नाबाद 88 रन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वहीं, 8 मैचों में 21 की औसत से उन्होंने 10 विकेट लिए।

दीप्ति शर्मा डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज हैं। यूपी वॉरियर्स की तरफ से खेलते हुए उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 48 गेंदों का सामना करते हुए 59 रनों की पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। जबकि, गेंद से दीप्ति शर्मा ने 4 ओवर में 19 रन देकर 4 बड़े विकेट झटके थे जिसमें हैट्रिक भी शामिल थी।

# हॉकी इंडिया लीग की 7 साल के अंतराल के बाद वापसी



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सात साल के अंतराल के बाद ऐतिहासिक वापसी करने के लिए तैयार है। इस प्रतियोगिता के लिए पुरुष और महिला फ्रेंचाइजी की शुक्रवार को घोषणा कर दी गई।

एचआईएल 2024-25 में आठ पुरुष टीमें और छह महिला टीमें शामिल होंगी, यह पहली बार होगा जब एक स्टैंडअलोन महिला लीग पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी।

एचआईएल 2024-25 के मैच दो स्थानों पर खेले जाएंगे; झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम। महिलाओं का लीग फाइनल 26 जनवरी, 2025 को रांची में और पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी, 2025 को राउरकेला में होगा।

हर मैच का नतीजा आना तय है और बराबरी वाले मैचों के लिए शूटआउट से नतीजा आएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक मुकाबला निर्णायक रूप से समाप्त हो।

**आठ पुरुष फ्रेंचाइजी और उनके मालिक हैं:** चेन्नई (चार्ल्स ग्रुप), लखनऊ (यदु स्पोर्ट्स), पंजाब (जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोर्ट्स), दिल्ली (एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट), ओडिशा (वेदांता लिमिटेड), हैदराबाद (रेसोल्यूट स्पोर्ट्स), रांची (नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड)

हरियाणा (जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोर्ट्स), दिल्ली (एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट), ओडिशा (नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) चार महिला फ्रेंचाइजी हैं, जिनकी घोषणा की गई है; शेष दो की घोषणा आने वाले दिनों में कानूनी कार्यवाही समाप्त होने के बाद की जाएगी।

खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगी। प्रत्येक फ्रैंचाइजी 24 खिलाड़ियों की टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ियों का अनिवार्य समावेश) और 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे।

एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के सीईओ महेश भूपति ने कहा, हम देश में हॉकी की नई लहर का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) अपने पहले कुछ सत्रों में तेजी से आगे बढ़ेगी।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, देश में खेल का विकास हो रहा है। हमें विश्वास है कि हमारे पास वह सब कुछ है जो इस गति को आगे बढ़ा सकता है। चैंपियन एथलीट और विशेष रूप से प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी तैयार करने के मामले में पंजाब और हरियाणा राज्य की भूमिका बड़ी है। हमारी टीमों की भूमिका लीग से आगे तक जाएगी और हम इस यात्रा के शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते।

# जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत ने जीता अपना 11वां स्वर्ण पदक



**लीमा।** भारतीय जूनियर शूटिंग टीम ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन जारी रखते हुए चल रही अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैंपियनशिप में अपना 11वां स्वर्ण पदक जीता, जिसमें मुकेश नेलावल्ली, राजवर्धन पाटिल और हरसिमर सिंह रत्था की तिकड़ी ने जूनियर पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) में टीम स्पर्धा जीती।यह प्रतियोगिता में मुकेश का चौथा स्वर्ण भी था, जिसमें एक व्यक्तिगत स्वर्ण भी शामिल है।भारत एक रजत और चार कांस्य के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, जिससे उसके अब तक कुल 16 पदक हो गए हैं। चीन तीन स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर है। मुकेश और राजवर्धन ने भी आरएफपी में व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई, हालांकि, राजवर्धन शॉट्स की पहली छह सीरीज में 17 हिट के साथ चौथे स्थान पर रहे, जबकि मुकेश पहले ही पांचवें स्थान पर बाहर हो गए, तब तक उपलब्ध 25 लक्ष्यों में से 10 हिट प्राप्त किए।

जूनियर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन में, परीक्षित सिंह बरार 60 शॉट्स में 623.0 के स्कोर के साथ सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिनिशर रहे। शिवेंद्र बहादुर सिंह (618.4) 14वें स्थान पर रहे जबकि वेदांत नितिन वाघमारे (613.2) 24वें स्थान पर रहे।

# लिचफील्ड की ऑस्ट्रेलिया की टीम में वापसी की उम्मीद



**नई दिल्ली।** युवा बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड, जो कमर दर्द के कारण दोनों अभ्यास मैचों से बाहर रहीं, के शनिवार को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच के लिए फिट होने की उम्मीद है।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार, 21 वर्षीय लिचफील्ड ने गुरुवार को अपनी टीम की साथियों के साथ प्रशिक्षण लिया और चयन के लिए उपलब्ध होने की राह पर हैं

लिचफील्ड ने कहा, अभ्यास मैचों को मिस करना कठिन रहा है, लेकिन अब मैं अच्छा महसूस कर रही हूं। मैं मैदान पर वापस आने और टीम में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं।

ऑस्ट्रेलिया ने शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में कभी नहीं खेला है, और शनिवार के मैच से पहले उन्हें इस स्थल पर प्रशिक्षण का अवसर नहीं मिला। धीमे और स्पिनिंग ट्रैक ने पहले ही टूनार्मेंट में टीमों के लिए समस्या खड़ी कर दी है।

शुरूआती डबल-हेडर में, बांग्लादेश ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 119 रनों का बचाव किया, जबकि श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ कम स्कोर वाले मुकाबले में संघर्ष किया, जहां स्पिन का बोलबाला रहा। दोनों मैचों में स्पिनरों ने कुल 22 विकेट लिए, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि परिस्थितियां धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अनुकूल होंगी।

लिचफील्ड ने कहा, मेरे लिए, यह पल में बने रहने और जितनी जल्दी हो सके परिस्थितियों को समझने के बारे में है।शारजाह एक चुनौती होने जा रहा है, लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं।"

# दिल्ली प्रीमियर लीग : गढ़वाल हीरोज ने 2-1 से तीसरा मैच जीत



**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में गुरूवार को यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए सुस्त मुकाबले में गत विजेता गढ़वाल हीरोज ने तरुण सांघा को 2-1 से हरा कर लगातार तीसरा मैच जीत लिया।

विजेता गढ़वाल के लिए मैन ऑफ द मैच निर्मल सिंह बिष्ट और मुस्तफा शेख ने गोल किए। साकिर अली ने तरुण सांघा का इकलौता गोल किया। कल देर शाम खेले गए एक अन्य मैच में नेशनल यूनाइटेड एससी ने हिंदुस्तान एफसी को 3-1 से परास्त किया। विजेता नेशनल यूनाइटेड के लिए टोंगलेनलाल, सिंगटे जॉर्ज और मैन ऑफ द मैच धनचंद्रा ने गोल किए। पराजित हिंदुस्तान का गोल सूरज मंडल के नाम रहा।

प्रीमियर लीग 2 की विजेता गढ़वाल हीरोज ने भले ही मध्यांतर के बाद रफ्तार पकड़ी लेकिन एक समय अंक तालिका में पीछे चल रहे तरुण सांघा ने गढ़वाल पर दबदबा बना लिया था।

37वें मिनट में गढ़वाल के निर्मल ने साथी खिलाड़ियों के साथ तालमेल के बाद गोल जमाया लेकिन तीन मिनट बाद साकिर अली ने गढ़वाल की रक्षा पंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए हिसाब चुकता कर दिया। 63वें मिनट में मुस्तफा शेख ने विजयी गोल कर अपनी टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। भले ही गढ़वाल ने मैच जीता लेकिन उसका प्रदर्शन ख्याति के अनुरूप नहीं रहा।

# महिला टी20 विश्व कप में तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करेंगी हरमनप्रीत कौर : कोच अमोल मजूमदार



**दुबई।** भारत के '2024 महिला टी-20 विश्व कप' अभियान की शुरूआत शुक्रवार शाम दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ करने से पहले, मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने पुष्टि कर दी है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर टूनार्मेंट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगी।

जेमिमा रोड्रिग्स, जो हमेशा की तरह नंबर तीन की बल्लेबाज होती हैं, के पांचवें नंबर पर जाने के बाद भारत ने यास्तिका भाटिया, दयालन हेमलता, सजीवन सजाना और उमा छेत्री के जरिए उस स्थान को भरने की कोशिश की। लेकिन अब यह तय है कि हरमनप्रीत, जिन्होंने वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की जीत के अभ्यास मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी, उस स्थान पर बल्लेबाजी करेंगी।

मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में मजूमदार ने कहा, बिल्कुल, सिर्फ. अभ्यास मैचों में ही नहीं, बल्कि हमने भारत में और मुंबई से रवाना होने से पहले हुए कैंप में भी पहले ही तय कर लिया था। बंगलुरु में हमारा एक शानदार कैंप था, और हमने वहीं तय किया। मूल रूप से, विश्व कप से पहले के इन मैचों ने हमारे लिए इस पर मुहर लगा दी। स्कोरकार्ड देखें, आपको पता चल जाएगा।

हरमनप्रीत ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने में सक्षम हैं, लेकिन उन्होंने लंबे समय से टी20 में कोई मैच नहीं खेला है। भारत के लिए छठे गेंदबाजी विकल्प की कमी के बारे में पूछे जाने पर, मजूमदार ने कहा, हमने छठे गेंदबाजी विकल्प पर बहुत ध्यान दिया है। साथ ही, इस तथ्य के लिए कि हमने अपने शीर्ष छह के भीतर कई चचाएं की हैं, कम से कम तीन से चार को गेंदबाजी करनी होगी। अगर हम उनसे वे ओवर निकाल सकते हैं, तो इससे बेहतर कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा, वे सभी गेंदबाजी कर सकते हैं। इसलिए, यह केवल आवेदन करने और नेट्स में कड़ी मेहनत करने और फिर उसे मैच के प्रदर्शन में बदलने का सवाल है। इसलिए, हरमन ने गेंदबाजी नहीं की है, लेकिन उसने दूसरे टी20 वार्म-अप में गेंदबाजी की, और वह उन ओवर्स को फेंकने के लिए पर्याप्त अनुभव है।

डब्ल्यूपीएल के आगमन के बाद यह भारत का पहला टी20 विश्व कप है, इस टूनार्मेंट के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनने के लिए सजाना, श्रेयंका पाटिल और आशा शोभना जैसे अधिक आंकड़े और ब्रेकआउट स्टार खिलाड़ी लाए हैं। मजूमदार ने यह स्वीकार किया कि प्रत्येक विभाग में अधिक विविधता के साथ, प्लेइंग इलेवन का चयन करना एक कठिन काम होगा।

# मुलानी-कोटियन ने तीन-तीन विकेट झटके

## मुंबई ने चौथे दिन रेस्ट ऑफ इंडिया को 416 रन पर समेटा



**लखनऊ।** तनुष कोटियन और अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी के तीन-तीन विकेट की मदद से मुंबई ने रेस्ट ऑफ इंडिया को पहली पारी में 416 रन पर आउट कर ईरानी कप मैच के चौथे दिन 121 रनों की बढ़त हासिल की। नाबाद 151 रन के स्कोर को आगे बढ़ाते हुए चौथे दिन अभिमन्यु ईश्वरन ने विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी की।

जुरेल ने 93 रन की पारी खेली थी। रेस्ट ऑफ इंडिया के शीर्ष चार बल्लेबाजों के सस्ते में आउट होने के बाद यह 165 रन की साझेदारी टीम के लिए अहम रही।

जुरेल अपनी बेहतरीन फॉर्म में थे और उन्होंने मुंबई के स्पिनरों का आसानी से सामना किया। उन्होंने 121 गेंदों की अपनी पारी में एक छक्का और 13 चौके लगाए, लेकिन लंच से ठीक पहले वो मुलानी के जाल में फंस गए और वह सिर्फ सात रन से शतक से चूक गए।

ईश्वरन भी एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने से चूक गए, वे जुरेल के आउट होने के कुछ ही देर बाद 191 रन पर आउट हो गए। बंगाल के कप्तान शानदार फॉर्म में दिख रहे थे, लेकिन मुलानी का शिकार हो गए और मात्र 9 रन से दोहरा शतक बनाने से चूक गए। लंच से ठीक पहले मुलानी के दोहरे प्रहार ने मुंबई के पक्ष में रुख मोड़ दिया और उन्होंने लगातार दो महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।

रेस्ट ऑफ इंडिया ने लंच तक 6 विकेट पर 400 रन बनाए थे, मानव सुथार और सारांश जैन क्रीज पर नाबाद थे। लेकिन टीम के आखिरी चार विकेट सिर्फ 20 रन पर गिर गए।

मुंबई के लिए मुलानी और कोटियन की सटीक गेंदबाजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि मोही अवस्थी ने दो विकेट लिए और डेब्यू कर रहे मोहम्मद जुनैद खान ने एक विकेट लिया।

संक्षिप्त स्कोरः मुंबई 141 ओवर में 537 (सरफराज खान 222 नाबाद, अजिंक्य रहाणे 97; मुकेश कुमार 5-110, यश दयाल 2-89) लीड रेस्ट ऑफ इंडिया 110 ओवर में 416 (अभिमन्यु ईश्वरन 191, ध्रुव जुरेल 93; तनुश कोटियन 3-101, शम्स मुलानी 3-122)

# फर्जी हिंदू नाम से डासना मंदिर में घुसे शक होने पर किया गिरफ्तार, पास मिले फर्जी आधार कार्ड

● तीन मुस्लिम धर्म के लोग नाम और धर्म छुपा कर कर रहे थे प्रवेश



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** थाना वेव सिटी के संवेदनशील डासना देवी-मंदिर में तीन मुस्लिम धर्म के लोग नाम और धर्म छुपा कर प्रवेश कर रहे थे। मंदिर की सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस तैनात रहती है। पुलिस को शक हुआ तो इनको रोका गया। तब यह खुलासा हुआ।

### आरोपियों ने बताया रामलीला में करते हैं मंचन

आरोपियों ने पूछताछ में बताया है तीनों मथुरा के रहने वाले हैं और हम रामलीला का मंचन करते हैं। रामलीला के मंचन के लिए हम लोगों ने अपने नाम हिंदू रखे हुए हैं आरोपियों के मुताबिक वह लोग मंदिर में रामलीला मंचन करने आए थे और पकड़ लिए गए। पुलिस इन से गहन पूछताछ कर रही है।

### डासना देवी मंदिर काफी संवेदनशील माना जाता है

आरोप है की दो आरोपियों के परिवार में सभी के नाम हिन्दू रखे हुए हैं। गाजियाबाद के थाना वेव सिटी के डासना में देवी -मंदिर है। यह मंदिर बेहद संवेदनशील है। क्योंकि इस मंदिर के महंत महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद है। महंत को कई संगठनों ने हत्या की धमकी दी हुई है। इसी कारण से यहां भारी मात्रा में पुलिस तैनात रहती है।

### पास मिले हिंदू नाम के आधार कार्ड

एसीपी वेब सिटी लिपि ने बताया की थाना वेब सिटी पुलिस ने मुस्लिम समुदाय के तीन लोगों को हिंदू नाम और हिंदू नाम के आधार कार्ड बनवाकर मंदिर में प्रवेश करने के प्रयास में पकड़ा है। पकड़े गए तीन लोगों के नाम राहुल, नानक और वजीर हैं।

# ट्रोनिका सिटी में महिला की हत्या: फैक्ट्री से निकली लेकिन घर नहीं पहुंची, सवेरे खाली मैदान मिला शव

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी इलाके में एक महिला की हत्या कर दी गई। ये महिला गुरुवार रात फैक्ट्री से लौट रही थी, लेकिन घर नहीं पहुंची। पूरी रात परिजन उन्हें तलाश करते रहे। शुक्रवार सवेरे घर से करीब 500 मीटर दूर एक खाली मैदान में महिला की लाश पड़ी मिली। परिजनों ने काफी देर तक शव नहीं उठने दिया। पुलिस ने परिजनों को जैसे-तैसे समझा-बुझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



### गर्दन-चेहरे पर थे चोट के निशान

ट्रोनिका सिटी क्षेत्र के मंडोला गांव निवासी 55 वर्षीय संगीता त्यागी औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में काम करती थीं। गुरुवार रात वो फैक्ट्री से घर के लिए निकलीं, लेकिन पहुंची नहीं। इस पर परिजनों ने तमाम खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह उनका शव गैस एजेंसी के पास मृत अवस्था में पाया गया। गर्दन और चेहरे पर चोट के निशान थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ कपड़े भी अस्त-व्यस्त हालत में थे।

### फैक्ट्रीकर्मियों से पूछताछ



एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया- परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया है। फैक्ट्री कर्मचारियों से पूछताछ हो रही है। घर से फैक्ट्री तक के सभी सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

### जल्द खुलासे की मांग

इस सूचना पर तमाम ग्रामीण वहां इकट्ठा हो गए। उ‌ढ सुरेंद्रनाथ तिवारी, अउढ सूर्यबली मौर्य सहित फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई। ग्रामीणों ने कहा कि वारदात का जल्द खुलासा होना चाहिए। फिलहाल मृतका के परिजनों की तरफ से किसी पर भी हत्या का शक जाहिर नहीं किया गया है।

### पति करते हैं प्रॉपर्टी क काम

संगीता त्यागी के पति सुनल त्यागी हापुड़ में प्रॉपर्टी का काम करते हैं। जबकि उनके बेटे मनीष दिल्ली में रहते हैं। दूसरे बेटे मोहित गांव मंडोला में मां के साथ ही रहते हैं।




### यूपी से चाहिये भगवा कृपा पीजा और हरियाणा में कांग्रेस से जिताने गये हैं जीजा

किस्सा फूल वालों में गूंज रहा हैं और किस्से में कृपा हैं किस्से में कांग्रेस हैं और किस्से में कोई फूल वाला भी हैं और किस्से में फूल वालों के सपोर्टर भी हैं लेकिन फूल कटेगा वोटरों का। यूपी में भगवा कृपा की बरसात होने वाली है। फूल वाले एक्स हो चुके मेंबर की तमन्ना है कि फिर से सदन में जाने का मौका मिल जाये। वैसे तो सब फूल वाले हैं लेकिन यहां इस हाथ ले उस हाथ दे वाला सीन हुआ है। वो विधानसभा भी मांग रहे थे और उनकी राह में नामित वाला स्पीड ब्रेकर लगाया गया। सुना है स्पीड ब्रेकर लगाने की फाईल में विधायक टोला भी यस बोला और संगठन वालों ने भी ग्रीन सिग्नल दे दिया। नामित वाली कृपा होनी लगभग तय है मगर ये भगवा गढ़ के फूल वाले हैं इतना इजी गेम तो नही होने देगें। सुना है कि कृपा पात्र की पिछले 15 दिन की गतिविधि हरियाणा से मंगा ली गई हैं। भगवा एक्स चाहते हैं कि यूपी में उन्हे भगवा कृपा का पीजा मिले और हरियाणा में जीत का सेहरा उनके कांग्रेसी जीजा को मिले। कांग्रेस को जिताने के लिये गाजियाबाद के भाजपाई ने हरियाणा में डेरा डाल रखा हैं। सीन तब फाईन होगा जब सिफारिशी साईन वाला नाम लखनऊ पहुंचेगा और इधर हरियाणा वाली कांग्रेसी फिल्म यूपी में रिलीज होगी। ऐसे कैसे कृपा होने देगें ये भगवा फूल वाले।

### इस्कानी आस्था ने बदल लिया राम वाली गुरू मां की तरफ रास्ता

शहर वाले बता रहे हैं कि वैसे तो सेठ जी भक्ति भाव में पूरे भगत हैं लेकिन भगवान वाले पूरे सख्त हैं। कहने वाले कह रहे हैं कि कुछ तो हुया ही होगा ऐसे तो कोई आस्था का हैंडिल ऐसे नही मोड़ता। जिस दर को एक बार पकड़ लिया तो उसे नही छोड़ता। सुना है कि सीन भी सर्वपितृ विसर्जन वाले दिन हुया और बताते हैं कि बहुत कुछ विसर्जित हो गया। इस्कानी आत्मा ने इस दिन नया चोला धारण किया और वो राम वालों के यहां विलीन हो गई। नया शरीर हैं, नया चोला है तभी तो शुरूआत भी राम के बाल्यकाल से हुई। भले ही आत्मा अजर अमर है लेकिन वो ठिकाना तो बदल ही सकती हैं तो भगत बता रहे हैं कि ठिकाना बदल लिया है। इस्कानी आस्था ने राम वाली गुरू मां की तरफ अपना वास्ता कर लिया है। बताने वाले बता रहे हैं आप देख लेना इसके इफेक्ट दिखायी देगें और वो अब हिसाली में ज्यादा और राजनगर में कम दिखाई देगें।

### पुरानी रामलीला में बाजा था बारात नही राम वाले ही एक साथ नही

जिस रामलीला की पहचान ही अपनी प्राचीन परंपराओं को लेकर हैं उस रामलीला में थियेटर वाले घुस गये हैं। जो दिख रहा हैं वो हैं नही और जो हो रहा है उसे कोई देख नही रहा। रिमोट वाले तो टेम्परेरी महामंत्री हैं जबकि रिमोट तो किसी और के हाथ में हैं। बाबा की कितनी चल रही हैं ये रामलीला दफ्तर का चौकीदार भी बता देगा और चौपले का दुकानदार भी बता देगा। पहली बार ऐसा हुया जब राम बारात निकली और रामलीला कमेटी के बजाय पुलिस ने कमान संभाल ली। अरे जब बाबा का राज है और बुलडोजर वो जनसभाओं में खड़ा करते हैं तब ऐसा क्या था कि कस्साबान और डासना गेट में प्रभु श्रीराम जी की बारात को एक मिनट भी रूकने नही दे रहे थे। रामलीला वाले ही बोले कि पहली बार हुया जब एक डोला यहां तो दूसरा डोला वहां था। कमेटी वाले ही साथ नही थे। इतनी फीकी राम बारात पहले कभी नही निकली। बाजा तो था पर बारात नही थी और रामलीला कमेटी ही एक साथ नही थी। ऐसा तो पहले कभी नही हुया।

# भाजपा पार्षदों ने इंदिरापुरम को नगर निगम का अलग जोन बनाने की मांग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम हैंडओवर के बाद जीडीए ने नगर निगम को वादे के अनुसार पहली किस्त के 70 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए हैं। इसी के साथ हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी हो गई। शुक्रवार से निगम इंदिरापुरम में सभी तरह के काम करने के लिए पूरी तरह से फ्री हो गया है। इसको लेकर इंदिरापुरम के भाजपा पार्षदों ने नगरायुक्त के नाम पत्र के माध्यम से इंदिरापुरम को अलग जोन बनाने की मांग की है। पार्षदों का कहना है कि फिलहाल यहां के निवासियों को काम करवाने के लिए जीडीए के चक्कर नहीं काटने होंगे। वहां के पार्षद अब निगम के माध्यम से अपने वॉर्ड में काम करवा सकेंगे। जब तक हैंडओवर नहीं हुआ था, तब तक सरकारी योजनाओं का भी फायदा यहां के निवासियों को नहीं मिल पा रहा था। क्योंकि निगम इस एरिया में सरकारी फंड का एक भी पैसा नहीं खर्च करता था। बता दें कि जीडीए को निगम को हैंडओवर के एवज में 185 करोड़ रुपये किस्तों में भुगतान करने है। यदि नगर निगम इंदिरापुरम को अलग से जोन बनाता है तो क्षेत्र की जनता को ओर भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पार्षदों में डॉ अनिल तोमर, पूर्व पार्षद अभिनव जैन, धीरज अग्रवाल, हरीश कडकोटी मौजूद रहे।

# हनीट्रेप में फंसाकर निजी सुरक्षा एजेंसी के प्रबंधक से मांगी 10 लाख की रंगदारी

## घंटों कार में बंधक बना पीटा व 45 हजार की नकदी लूटकर बदमाश हुए फरार



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मेरठ की एक निजी सुरक्षा एजेंसी के प्रबंधक को शातिरों ने हनीट्रैप में फंसाकर 10 लाख की रंगदारी मांगी, महिला के साथ अश्लील फोटो क्लिक किये। तीन आरोपि खुद को सीबीआई व एसओजी से बताते हुए कमरे में दाखिल हुए व निजी सुरक्षा एजेंसी के प्रबंधक को बंधक बना लिया। इसके बाद जबरन कार में बैठाकर उन्हें घंटों बंधक बनायें रखा और मारपीट कर 45 हजार की नकदी लूट ली। 10 लाख रुपए नहीं देने पर फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, दो आरोपी फरार हैं।

# महामाया देवी मंदिर के पुजारियों का हुआ चयन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** महामाया देवी मन्दिर समिति की बैठक में पुरोहित व शास्त्री रखे जाने हेतु प्राप्त कुल 8 आवेदनों में से योग्य तथा अनुभवी पुरोहित के चयन हेतु महामाया देवी मेला समिति एवं मुख्य पुजारी मोदी मन्दिर देवेन्द्र शास्त्री व प्रधानाचार्य संस्कृत विद्यापीठ मोदीनगर शम्भूनाथ झा द्वारा समस्त आवेदकों का साक्षात्कार एवं योग्यता परीक्षण कर विकास शर्मा को मुख्य पुजारी व देवेन्द्र शास्त्री, आकाश उपाध्याय, विजय शर्मा, अमित कुमार त्रिपाठी का अन्य पुजारियों के रूप में चयन किया गया।

### चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** पुलिस ने एक चोर को चोरी के स्क्रेप के साथ गिरफ्तार किया है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि लोनी बार्डर थाने की गुलाब वाटिका कॉलोनी निवासी इरशाद ने दो अक्टूबर को अपने रिक्शा चालक पर गोदाम से लोहे का स्क्रेप चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी अफजाल को चोरी की स्क्रेप के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### हरियाणा चुनाव में रहा किसान, नौजवान, पहलवान मुख्य मुद्दा : नरेन्द्र राठी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हरियाणा विधान सभा चुनाव में प्रचार करने गए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एवं राज बब्बर के सलाहकार नरेंद्र राठी ने बताया कि भाजपा की सरकार ने दस वर्षों में किसानों पर लाठी चार्ज, अग्नि वीर योजना लाकर नौजवानों को ठगना एवं पहलवानों पर अत्याचार मुख्य मुद्दा रहा। सभी वर्ग परेशान दिखाई दिए, लोगों में भाजपा सरकार के प्रति गुस्सा दिखाई दिया। हरियाणा की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए ठान लिया है। आने वाली आठ तारीख को कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी में पूर्ण आस्था दिखाते हुए हरियाणा की जनता कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनाने जा रही है। हरियाणा में परिवर्तन की लहर दिखाई दी।




## जल्द होगी चार टू-स्टार की रवानगी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कई तरीके की चर्चाओं और सूचनाओं के बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में तैनात कई टू-स्टार बहुत जल्द पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से रवानगी वाला आदेश मिल सकता है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के चार टू-स्टरों की डेट फिक्स कर दी गई है। उनको यहां से 15 अक्टूबर तक रवाना किया जा सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि इसमें एक दो थाने के पूर्व कोतवाल रह चुके हैं, तो एक वर्तमान में चौकी के प्रभारी और दो अन्य टू-स्टार हैं, जो यहां से दूसरे कमिश्नरेट के लिए भेजे जाएंगे। देखना होगा कि दूसरे कमिश्नरेट में जाकर चारों अपना क्या रंग जमा पाएंगे। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि जिन चार टू-स्टार की रवानगी की चर्चा चल रही है, चारों की वर्किंग ठीकठाक है और वह अपने अधिकारियों के प्रिय भी माने जाते हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि चारों का जलवा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जैसा था वैसा बरकरार रहने वाले है या नहीं। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन चारों की रवानगी के बाद कुछ और



लोगों पर भी कृपा वाले साइन हो सकते हैं। उनकी डेट फिक्स होने के बाद कई अन्य चेहरों को भी उम्मीद जगी है कि उनका अभी नंबर जल्द आ सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से 2015 बैच के बचे हुए टू-स्टार अभी कमिश्नरी सिस्टम गाजियाबाद में जमे हुए हैं, उसे देखकर लगता है कि उनके जाने के बाद फिर कई जोन और सर्किल में परेशानी वाला मामला सामने आ सकता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 2015 बैच बड़ी संख्या में आया था और यहां लंबा समय बिताने के बाद अब उनकी अलग-अलग कमिश्नरेट, जिलों और जोन में पोस्टिंग के आदेश धीरे-धीरे करके आ रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन टू-स्टारों के जाने के बाद यहां नए फेस सेट किए जाएंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बचे हुए तीन दर्जन से अधिक टू-स्टारों कब जाएंगे इसको लेकर अभी कोई डेट फिक्स नहीं की गई है। कुछ टू-स्टार चाहते हैं कि उनकी भी धीरे-धीरे रवानगी यहां से हो। तो कई अपनी नई जगह जाने को बेकरार बताए जा रहे हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि इस रवानगी के बाद किसके लिए आदेश आता है और कौन यहां से जाने की रफ्तार में बाजी मार पाता है।

# आईएमएस में हुआ इंटर इंस्टीट्यूशनल साइंस फेस्ट जेनेसिस-2024 का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.एम.एस. गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेस कैम्पस) में एक दिवसीय इंटर इंस्टीट्यूशनल साइंस फेस्ट जेनेसिस-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. गौरव कान्त त्यागी, डा. अनुपमा हर्षाल, प्रभात रंजन एवं संस्थान के निदेषक डा. अरुण कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुश्प अर्पित कर किया गया।

केंद्रीय विद्यालय नोएडा की मेघा और माही प्रथम स्थान पर रहीं जबकि चौ. छबील दास पब्लिक स्कूल के भव्या त्यागी और समर्थ वर्मा ने द्वितीय स्थान एवं राशि उपाघ्याय, राघव शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी (साइंस थ्रु लेंसस) प्रतियोगिता में हाइटेक वर्ल्ड स्कूल के आयुष्मान समल प्रथम स्थान एवं अर्पिता सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। कालेज में कल्पेश माथुर आरकेजीआईटी कालेज प्रथम स्थान एवं अमेटी विश्वविद्यालय के लक्ष्य अग्रवाल द्वितीय स्थान, आई.एम.एस.यू.सी के दक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में इन्ग्राहम इंगलिश मिडियम स्कूल के अथर्व प्रथम, कनिका द्वितीय स्थान पर रहे। चौ. छबील दास पब्लिक स्कूल की श्रव्या त्यगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में आई.एम.एस. यूसी. के स्वास्ती मैथी प्रथम, अनिरुद्ध गौतम द्वितीय एवं सानया खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में सुरिवियन इंटरनेशनल स्कूल के दिपांशु प्रथम, स्वामी विवेकानन्द स्कूल के वंशिका द्वितीय एवं चिल्ड्रेंस एकेडमी के सृष्टि शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विजित छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. तनुश्री चटर्जी ने किया तथा विभागाध्यक्षिका डा. सुरभि जौहरी ने छात्रों एवं उनके अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए उन्हें जेनेसिस-2024 में सम्मिलित एवं सम्मानित होने के लिए धन्यवाद दिया।

# संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला में लक्ष्मण-परशुराम संवाद में रातभर बंधे रहे दर्शक







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति वसुंधरा द्वारा चल रही रामलीला के पांचवें दिन धनुष यज्ञ का मंचन हुआ। रावण-बाणासुर संवाद व परशुराम-लक्ष्मण संवाद आकर्षण का केंद्र रहा। रातभर दर्शक रामलीला में डटे रहे। वसुंधरा सेक्टर 7 में रामलीला मैदान में रामलीला का आयोजन हो रहा है। 17 दिवसीय रामलीला के पांचवे दिन शुक्रवार रात्रि धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद के हुआ। वही प्रभु श्री राम द्वारा अहिल्या का उद्धार, प्रभु श्री राम द्वारा जनकपुर धाम में नगर दर्शन, पुष्प वाटिका में गुरु विश्वामित्र के लिए पुष्प और वहां सीता जी एवं सखियों का संवाद बड़ा ही मनोहारी दृश्य देखने को मिला वहीं पर सीता जी ने छुपके से वाटिका में प्रभु श्री राम को देखा और मन ही मन श्री राम के प्रति भाव प्रकट हुए। इस मंचन को देखकर रामलीला देख रहे सभी श्रद्धालु मन ही मन प्रसन्न होकर जय सियाराम, जय सियाराम का उद्घोष करने लगे ' इस अवसर ओर मुख्य रूप से रामलीला समिति के चेयरमैन पंडित नरेंद्र भारद्वाज, महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, बिना सेंगर, इंद्रपाल प्रधान, नितिन यादव, एम बी कौशिक, गिरीश शर्मा, अमित किशोर, संध्या शर्मा, सविता त्रिपाठी, मास्टर जय कुमार, विजय लक्ष्मी, संजीव भारद्वाज, अमित भारद्वाज, अश्वनी कौशिक, अमित शर्मा बंटी, सुमित भारद्वाज, राहुल राणा, मोहन सिंह राणा, प्रिंस भारद्वाज, उमाशंकर शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सोनू कल्याणी, विनोद एमजी, जनाब सिराजुद्दीन, रहीसुद्दीन अल्वी आदि लोग मौजूद रहे।

# राणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने सड़क निर्माण का शुभारम्भ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने शुक्रवार को नई सड़क का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. पूनम सिसौदिया जी व लोहिया नगर क्षेत्र के पार्षद कुलदीप त्यागी द्वारा नारियल फोड़कर किया गया।

सर्वप्रथम डा. पूनम सिसौदिया व पार्षद का फूल-माला से स्वागत किया गया। तत्पश्चात पार्षद कुलदीप त्यागी द्वारा बताया गया कि मैं मेरे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी जर्जर सड़कों का निर्माण कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रयास कर रहा हूं और करता रहूंगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. पूनम सिसौदिया ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में विकास हो रहा है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण राजरानी अरोड़ा, रजनी चावला, रुचि शर्मा, गीतिका सहगल, रंजीता, कु. चंचल एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय क्षेत्रवासियों को यातायात की बेहतर सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा। सभी क्षेत्रवासियों ने पार्षद की इस पहल को सराहा।

# अखिल भारतीय सर्वदलीय गौरक्षा महाअभियान समिति ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



### महाराष्ट्र की तर्ज पर गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने का किया गया निवेदन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अखिल भारतीय सर्वदलीय गौरक्षा महाअभियान समिति के तत्वावधान में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. पीसी उपाध्याय को दिया गया, जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री से महाराष्ट्र राज्य की तर्ज पर गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने का निवेदन किया गया। इस अवसर पर महेश कुमार आहूजा (राष्ट्रीय वाइस प्रेसिडेंट), जयप्रकाश गुर्जर (राष्ट्रीय महामंत्री), साध्वी महंत कैलाश गिरी महाराज (राष्ट्रीय सचिव), रमेश चंद शर्मा (महानगर गाजियाबाद अध्यक्ष), शिव कुमार तिवारी, राजेश कंसल, वरिष्ठ समाज सेवी, अनिल अरोरा (महानगर अध्यक्ष इटवा), विजय अरोरा, यश, महेश यादव गौभक्त मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आरकेजीआईटी में भव्य फ्रेशर्स पार्टी 'अरुनिमा-2024' का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आर.के.जी.आई.टी.एम. गाजियाबाद में शुक्रवार को फ्रेशर्स पार्टी 'अरुनिमा-2024' का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बी.टेक प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवल एवं सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। संस्थान के चेयरमैन दिनेश कुमार गोयल, वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, एडवाइजर डा. लक्ष्मण प्रसाद, डायरेक्टर डा. राकेश गोयल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर एच.जी. गर्ग, डीन मनोरमा शर्मा ने नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रैंप वॉक रहा, जिसमें मिस्टर फ्रेशर अमान खान, मिस फ्रेशर नन्दनी को मिला एवं मिस्टर परफेक्ट मंयक व मिस परफेक्ट पूजा, मिस्टर कॉफिडेंट अक्षय कुमार, मिस कॉफिडेंट अंशिका सिंह, मिस्टर टैलेंट तरुण मिस टैलेंट हितेशी शर्मा को मिला। कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने में समन्वयक डा. आभा वत्स, डा. राशि सक्सेना, संदीप सिंह, निधि, डा. अरुण कुमार पांडे, मनीष कुमार आदि सभी फैकल्टी एवं स्टाफ सम्मिलित रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद हो

## न्यूयॉर्क के आसमान में विशाल बैनर देख चौंके लोग

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में आज सुबह लोग आसमान में एक विशाल बैनर को देखकर चौंक गए। दरअसल इस बैनर में लिखा था कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बंद होनी चाहिए। यह विशाल बैनर हडसन नदी के ऊपर और विश्व प्रसिद्ध स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के ऊपर हवा में लहराते देखा गया। बांग्लादेश मूल के हिंदू समुदाय के सितांशु गुहा ये बैनर लहराने वाले लोगों में शामिल हैं। सितांशु ने कहा कि लोगों में बांग्लादेशी हिंदुओं की मुश्किलों के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से ऐसा किया गया था।




### 1971 के नरसंहार में लाखों लोग मारे गए

यह विशाल बैनर एक हवाई जहाज के पीछे बांधा गया था, जैसे ही हवाई जहाज न्यूयॉर्क के ऊपर से उड़ा तो आसमान में हिंदुओं पर अत्याचार का विशाल बैनर हवा में लहराता दिखाई दिया। अमेरिकी कांग्रेस के प्रस्ताव के अनुसार, साल 1971 में हुए नरसंहार में 28 लाख लोग मारे गए थे और इस दौरान दो लाख महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ, जिनमें अधिकतर हिंदू महिलाएं शामिल थीं। उसके बाद से ही बांग्लादेश में हिंदू जनसंख्या में गिरावट जारी है और 1971 में जहां बांग्लादेश में हिंदू जनसंख्या 20 प्रतिशत थी, वो अब घटकर 8.9 प्रतिशत रह गई है। अब बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने और वहां नई कार्यवाहक बनने के बाद से अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं।

### अमेरिका से बांग्लादेश पर दबाव बनाने की अपील

एक अन्य आयोजक पंकज मेहता ने कहा कि अब समय आ गया है, जब मानवाधिकार परिषद राजनीति को किनारे रखकर 1971 में बांग्लादेश में हुए नरसंहार को मान्यता दे। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दूसरा सबसे बड़ा नरसंहार है। अमेरिका के तीन संगठन पहले ही इस नरसंहार को मान्यता दे चुके हैं, जिसमें पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने इस्लामी सहयोगियों के साथ मिलकर हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया था। एक अन्य आयोजक सुरजीत चौधरी ने भी अमेरिका की सरकार से अपील की कि बांग्लादेश सराकर हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए दबाव बनाए। बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों का उभार चिंता का विषय है और इससे भारत को भी खतरा है। आयोजकों ने अमेरिका के लोगों से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा रुकने तक बांग्लादेशी कपड़ों का बायकॉट करने की अपील की। बांग्लादेश के कुल निर्यात का 85 फीसदी कपड़ा ही है।

दावा किया जा रहा है कि बांग्लादेश में करीब दो लाख हिंदू हिंसा, लिंचिंग, अपहरण और जबरन नौकरी से इस्तीफा दिलाने जैसी प्रताड़ना झेल रहे हैं।

# भारतीय मूल के मंत्री पर भ्रष्टाचार के मामले में कारोबारी भी शामिल, उपहार लेने के लिए उकसाने का आरोप

**सिंगापुर ।** सिंगापुर में भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस. ईश्वरन को हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार के मामले में 12 महीने की सजा सुनाई थी। शुक्रवार को एक प्रोपर्टी कारोबारी पर ईश्वरन के मामले में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

78 वर्षीय ओंग बेंग सेंग पर एक लोक सेवक को उपहार लेने के लिए उकसाने और न्याय में बाधा डालने का आरोप है। पूर्व मंत्री ईश्वरन को उपहार के तौर पर फॉमूर्ला वन (एफ1) का टिकट और ओंग से दोहा की यात्रा जैसी चीजें प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया गया था।

कोर्ट के दस्तावेजों के अनुसार, दिसंबर 2022 में ओंग ने ईश्वरन को प्राइवेट विमान पर लगभग 7,700 अमेरिकी डॉलर (6,46,582 रुपये) की कीमत पर सिंगापुर से दोहा की यात्रा की पेशकश करके एक मूल्यवान वस्तु प्राप्त करने के लिए उकसाया था। उन्होंने दोहा के एक होटल में 4,737.63 सिंगापुर डॉलर



(3,06,922 रुपये) के मूल्य पर एक रात ठहरने और ईश्वरन के लिए दोहा से सिंगापुर के लिए एक बिजनेस क्लास की उड़ान की भी व्यवस्था की थी।

रिपोर्ट में बताया गया कि चार्जशीट के अनुसार, ईश्वरन को मालूम था कि यह सिंगापुर ग्रैंड प्रिक्स 2022 से 2028 के लिए सिंगापुर जीपी और सिंगापुर पर्यटन बोर्ड के साथ सुविधा समझौते से जुड़ा था। ईश्वरन एफ1 संचालन समिति के अध्यक्ष सिंगापुर जीपी के मुख्य वातार्कार थे। वहीं ओंग एफ1 रेस प्रोमोटर सिंगापुर जीपी के अध्यक्ष थे।

अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, वोंग ने ही ईश्वरन को बताया था कि भ्रष्टाचार विरोधी निकाय ने दिसंबर 2022 में यात्रा के लिए फ्लाइट मैनिफेस्ट को जब्त कर लिया है।

पूर्व परिवहन मंत्री ईश्वरन जांच से बचने के लिए ओंग से बिल चुकाने को कहा था। ओंग पर धारा 165 के तहत उकसाने का आरोप लगाया गया है।

इसके साथ ही उनपर न्याय में बाधा डालने का भी आरोप है। ओंग के वकील ने छह सप्ताह का समय मांगा और मामले को प्री-ट्रायल कॉन्फ्रेंस में बदलने के लिए कहा। अभियोजन पक्ष ने कहा कि उसे कोई आपत्ति नहीं है। मामले की सुनवाई 15 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# वह अमेरिका का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं

## पूर्व रिपब्लिकन सांसद ने की ट्रंप की आलोचना

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में अगले महीने राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के बीच कड़ा मुकाबला है। दोनों ही उम्मीदवार जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस बीच रिपब्लिकन की पूर्व सांसद लिज चेनी ने ट्रंप को उपयुक्त नहीं बताया। दरअसल, लिज चेनी और कमला हैरिस एकसाथ प्रचार करते हुए मतदाताओं से देश को पार्टी से ऊपर रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। बता दें कि चेनी के पिता डिक चेनी पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल के दौरान उपराष्ट्रपति थे। इराक युद्ध के बचाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी आज भी उनकी निनंदा करती है। दोनों को प्रमुख रिपब्लिकन माना जाता है। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के लिए कमला हैरिस



का समर्थन किया था। दोनों ने ट्रंप की तीखी आलोचना की।

**हैरिस को मिला चेनी का समर्थन**

प्रचार के दौरान लिज चेनी ने मजाक में कहा, ₹डोनाल्ड ट्रंप द्वारा स्प्रे टैनिंग करने से पहले भी मैं एक रिपब्लिकन थी।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹मैं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को अपना वोट दे रही हूं।₹ उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस रिपब्लिकन और मध्यमार्गी मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही हैं, ऐसे में लिज चेनी का यह बयान उनके लिए मददगार साबित हो सकता है। चुनाव जीतने के लिए हैरिस को रिपब्लिकन और निर्दलीय लोगों पर जीत हासिल करने की जरूरत है।

चेनी प्रतिनिधि समिति की शीर्ष रिपब्लिकन थीं, जिन्होंने छह जनवरी को हुए दंगे की जांच की थी। इसके कारण ट्रंप को नाराजगी का सामना करना पड़ा था।

# तेहरान की ग्रैंड मस्जिद से सुप्रीम लीडर खामनेई का ऐतिहासिक भाषण, मुस्लिम देशों से एकजुटता की अपील

**तेहरान ।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने शुक्रवार को तेहरान में जुमे की नमाज के बाद मौजूद लोगों की भीड़ को संबोधित किया। तेहरान की ग्रैंड मस्जिद से दिए गए इस भाषण में खामनेई ने मुस्लिमों से एकजुटता की अपील की। तेहरान में स्थित ग्रैंड मस्जिद में हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला और ईरान के जनरल अब्बास निलफोरशान की याद में दुआ का आयोजन किया गया। इसके बाद जुमे की नमाज हुई, जिसका नेतृत्व ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई ने किया। इस दौरान खामनेई के भाषण को देश के नाम संबोधन कहा जा सकता है। जिसमें खामनेई ने इस्राइल पर तीखा हमला बोला।

**इस्राइल पर किए गए मिसाइल हमले को सही ठहराया :** अपने



संबोधन में खामनेई ने कहा कि 'अगर सभी मुस्लिम एकजुट हो जाएं तो इससे सभी दुश्मनों की हार होगी। दुश्मनों का अहंकार मुस्लिमों के बीच बंटवारे और मतभेदों को दशार्ता है।' खामनेई ने हाल ही में इस्राइल पर किए मिसाइल हमलों को सही ठहराया।

उन्होंने कहा कि 'इस्राइल पर किया गया मिसाइल हमला सही और कानूनी तौर पर ठीक था। हर देश को अपने हितों और अपने घर की रक्षा करने का अधिकार है।

फलस्तीन और लेबनान के मुस्लिमों पर हमला किया जा रहा है। ऐसे में ईरान ने मिसाइलों से जवाब दिया।'

### ईरान-इस्राइल में चरम पर तनाव

ईरान के सुप्रीम लीडर का यह संबोधन ऐसे समय हो रहा है, जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है और इस्राइल और हमास के बीच शुरू हुई लड़ाई, अब इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच शुरू हो गई है और आगे इसके पूरे क्षेत्र में फैलने का डर है।

ईरान के हमले के बाद इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। साथ ही अमेरिका ने भी इस्राइल का साथ देने का एलान किया है। जो बाइडन ने अपने एक बयान में कहा है कि इस्राइल, ईरान के तेल के ठिकानों पर हमला कर सकता है। वहीं इस्राइल के लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले जारी हैं।

ताजा हमले में इस्राइल ने बेरूत में हिजबुल्ला के एक ठिकाने को निशाना बनाया है, जिसमें हिजबुल्ला के शीर्ष नेता हाशेम सैफेद्दीन को निशाना बनाए जाने की खबर है। हालांकि अभी तक ये पता नहीं चला है कि इस हमले में सैफेद्दीन बच गया है या नहीं। हसन नसरल्ला के बाद सैफेद्दीन के ही हिजबुल्ला का नया प्रमुख बनने की चर्चा है।

# चीनी इलेक्ट्रिक कारों पर भारी टैरिफ, यूरोपीय संघ की सरकारों के बीच शुक्रवार को होगा निर्णायक मतदान

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ के सदस्य शुक्रवार को इस बात पर निर्णायक मतदान करेंगे कि ब्लॉक के सबसे हाई प्रोफाइल व्यापार मामले में, चीन में बने इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात पर 45 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाए या नहीं। जिससे बीजिंग से प्रतिशोध का जोखिम है।

यूरोपीय आयोग, जो ब्लॉक की व्यापार नीति की देखरेख करता है, ने एक साल की सब्सिडी विरोधी जांच के बाद अनुचित चीन की सब्सिडी का मुकाबला करने के लिए अगले पांच वर्षों के लिए अंतिम शुल्क का प्रस्ताव दिया।

यूरोपीय संघ के नियमों के तहत, आयोग अगले पांच वर्षों के लिए शुल्क लगा सकता है। जब तक कि यूरोपीय संघ की जनसंख्या के 65 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करने वाले 15 यूरोपीय



संघ के देशों का एक योग्य बहुमत योजना के खिलाफ मतदान नहीं करता है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांस, ग्रीस, इटली और पोलैंड इसके पक्ष में मतदान करेंगे। जो टैरिफ के खिलाफ बहुमत को रोकने के लिए पर्याप्त होगा।

किसी भी तरह से योग्य बहुमत के अभाव में, यूरोपीय संघ की कार्यकारिणी टैरिफ को अपना सकती है। हालांकि, अगर वह ज्यादा समर्थन हासिल करना चाहती है, तो वह एक संशोधित प्रस्ताव भी पेश कर सकती है।

इस क्षेत्र की शीर्ष अर्थव्यवस्था और प्रमुख कार निमार्ता, जर्मनी, शुल्क लगाने के खिलाफ मतदान करेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले से परिचित लोगों ने गुरुवार देर शाम बताया।

जर्मन कार निमार्ता, जिनके लिए चीन उनकी बिक्री का लगभग एक तिहाई हिस्सा है, खासतौर से शुल्क के खिलाफ मुखर रहे हैं। फॉक्सवैगन ने कहा कि वे ₹गलत दृष्टिकोण₹ थे।

स्पेन के अर्थ मंत्री, जो पहले शुल्क समर्थक थे, ने भी यूरोपीय आयोग के उपाध्यक्ष वाल्डिस डोम्ब्रोव्स्की को एक पत्र में कहा, कि शुल्क लगाने के बजाय, यूरोपीय संघ को बाध्यकारी मतदान से परे, बातचीत खुली रखनी चाहिए₹। जिससे कीमतों के साथ-साथ ब्लॉक के लिए बैटरी उत्पादन के रीलोकेशन (पुनर्स्थापन) पर एक समझौता करने के लिए।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सैंचेज ने चीन की यात्रा के दौरान पहले ही कहे चुके हैं, कि यूरोपीय संघ को अपने रुख पर पुनर्विचार करना चाहिए।

कुछ यूरोपीय संघ के सदस्य बीजिंग की प्रतिक्रिया से घबराए हुए हैं। प्रतिशोध के रूप में देखे जाने वाले कदमों में, बीजिंग ने इस साल यूरोपीय संघ के ब्रांडी, डेयरी और पोर्क उत्पादों के आयात पर अपनी खुद की जांच शुरू की।

हालांकि, यूरोपीय संघ का बीजिंग के प्रति रुख पिछले पांच वर्षों में कठोर हो गया है। अब चीन को कुछ मुद्दों में एक संभावित भागीदार के रूप में देख रहा है। लेकिन एक प्रतियोगी और एक व्यवस्थित प्रतिद्वंद्वी के रूप में भी।

आयोग का कहना है कि चीन की 3 मिलियन ईवी प्रति वर्ष की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता, जिसे निर्यात करने की जरूरत थी, यूरोपीय संघ के बाजार के आकार से दोगुनी है।

संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में 100 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के कारण, उन ईवी के लिए सबसे स्पष्ट बाजार यूरोप है।

यूरोपीय संघ के कार्यकारी ने कहा कि वह चीन के साथ शुल्क के विकल्प पर बातचीत जारी रखने के लिए तैयार है।

और पहले चीन की कंपनियों द्वारा पेश किए गए प्रस्तावों को अस्वीकार करने के बाद, एक न्यूनतम आयात मूल्य और आमतौर पर एक मात्रा कैप शामिल करके एक मूल्य उपक्रम की दोबारा जांच कर सकता है।

एक सूत्र ने बताया कि बातचीत के तहत एक विकल्प न्यूनतम आयात मूल्य है।

# क्या ईरान के तेल ठिकानों को निशाना नहीं बनाएगा इस्राइल? जो बाइडन ने जवाब देने से किया इनकार

**वॉशिगटन ।** हाल ही में ईरान ने इस्राइल पर मिसाइलों से हमला किया था। जिसके बाद सभी की निगाहें इस्राइल की जवाबी कार्रवाई पर लगी है। जब इसे लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से सवाल किया गया तो उन्होंने सार्वनजिक रूप से इस मुद्दे पर बात करने से मना कर दिया। दरअसल जो बाइडन से सवाल किया गया था कि क्या इस्राइल से ईरान के तेल ठिकानों पर हमला न करने की अपील की गई है, तो इस पर बाइडन ने कहा कि वह इस पर सार्वजनिक तौर पर बात नहीं करेंगे।

**जो बाइडन ने ही ईरान के तेल ठिकानों पर हमले को लेकर दिया था बयान :** बीते मंगलवार को जब ईरान ने इस्राइल पर मिसाइलों से हमला बोला था तो इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई करने की बात कही थी। साथ ही अमेरिका ने भी कहा था कि ईरान को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और वह इस्राइल के साथ है। गौरतलब है कि जो बाइडन ने अपने हालिया बयान में कहा था कि इस्राइल, ईरान के तेल ठिकानों पर हमला कर सकता है और



इसे लेकर अमेरिका, इस्राइल के साथ बातचीत कर रहा है। हालांकि बाद में अमेरिकी सरकार के एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस्राइल ने अभी तक ईरान पर जवाबी हमले के बारे में अंतिम फैसला नहीं किया है।

### तेल की कीमतें बढ़ने को लेकर क्या बोले जो बाइडन

जो बाइडन ने अपने एक पूर्व के बयान में कहा था कि अमेरिका, ईरान के परमाणु ठिकानों पर इस्राइली हमले का समर्थन नहीं करेगा।

# अपने देश को छोटा दिखाना कांग्रेस सांसद की पसंद

## राहुल गांधी पर भड़के केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

**वॉशिगटन ।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इनदिनों अमेरिका दौरे पर हैं। शुक्रवार को उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को विनिर्माण कहानी के बारे में जानकारी कम है, इसलिए उन्हें राहुल के प्रति सहानुभूति हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि राहुल गांधी उन नौकरियों के नुकसान के बारे में नहीं जानते हैं, जिनके बारे में वे बात करते हैं। पीयूष गोयल शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भड़कते हुए कहा कि अपने देश को छोटा दिखाना कांग्रेस नेता की अपनी पसंद है। लेकिन घरेलू राजनीति को विदेशी धरती पर लाना उचित नहीं।

पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उनपर तंस कसा। उन्होंने कहा, ₹विनिर्माण कहानी पर राहुल गांधी की कम जानकारी के प्रति



**पियूष गोयल ने साधा राहुल गांधी पर निशाना**

मुझे सहानुभूति है, क्योंकि मुझे मालूम नहीं कि वे कौन सी नौकरियां जाने की बात कर रहे हैं। हम विदेशी जमीन पर हैं और हम यहां घरेलू राजनीति को लाना उचित नहीं समझते।

विदेशों में अपने देश को छोटा दिखाया, यह उनकी पसंद है।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹अपने लोगों की समृद्धि में सुधार को लेकर पूरा भारत एकजुट है। हम 2047 तक एक समृद्ध और विकासशील राष्ट्र बनाने की तरफ काम कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में भारतीय लोगों के जीवन को बहतर बनाने के लिए हम एकजुट होकर काम कर रहे हैं।

### चीन के प्रभाव को बढ़ावा देने वालों की आलोचना की

केंद्रीय मंत्री ने उन लोगों की भी आलोचना की जो भारतीय बाजार में चीन के प्रभाव को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹आज पूरी दुनिया जानती है कि चीन की अर्थव्यवस्था अपारदर्शी है।

चीन खराब चीजों के लिए जाना जाता है। यहां तक की अमेरिका भी इसे लेकर चिंतित है। चीनी सामानों से सुरक्षा खतरों को लेकर अमेरिका भी चिंतित है. इसलिए वह प्रतिबंध लगा रहा है।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की आलोचना करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि यह बहुत शर्म की बात है कि 2004 से लेकर 2014 के बीच चीनी सामानों ने भारतीय बाजारों में बाढ़ ला दी थी।

चीन के साथ व्यापार घाटा तीन गुना बढ़ गया था। यह 1.8 बिलियन डॉलर से बढ़कर 43 बिलियन डॉलर हो गया था। 2024 में चीन के साथ व्यापार घाटा 1.8 बिलियन डॉलर है।

# बराक ओबामा ने खास अंदाज में मनाई शादी की सालगिरह

## 32 साल के रिश्ते को इस तरह से किया सेलिब्रेट

**वॉशिगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने बुधवार को अपनी शादी की 32वीं सालगिरह मनाई। दोनों ने 1992 में शादी की थी। इस खास मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के लिए संदेश साझा किए। बराक ओबामा ने अपने पोस्ट पर मिशेल के साथ तस्वीर साझा की। वहीं, मिशेल ओबामा ने इसी तस्वीर को साझा करते हुए आभार जताया। दोनो के पोस्ट पर यूजर्स ने जमकर कमेंट करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दिए।

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने तस्वीर शेयर करते हुए कहा, ₹शादी की सालगिरह मुबारक मिशेल ओबामा। हमें एकसाथ 32 साल हो गए और मैं जीवन बिताने के लिए इससे बेहतर साथी और मित्र की उम्मीद नहीं कर सकता।₹ मिशेल ने कहा, ₹मेरे प्रियतम के साथ एक्शन से भरपूर 32 साल पूरे हुए। इन सबके बीच हमेशा मेरा साथ देने, मेरे साथ रहने और मुझे मुस्कुराने के तरीके ढूंढने के लिए धन्यवाद। मैं आपसे बहुत प्यार करती



हूं।

उनके पोस्ट के कमेंट सेक्शन में इंटरनेट यूजर्स ने बराक और मिशेल ओबामा की तारीफ की और उन्हें बधाई दी। एक यूजर ने कहा, ₹आप दोनों जीवन में जीत गए। मैं आप दोनों के बहुत खुश हूं।

एक दूसरे यूजर ने कहा, ₹बराक क्या आपका कोई भतीजा या कोई और है? मुझे बराक और मिशेल की सव स्टोरी चाहिए।₹ तीसरे यूजर ने कहा, ₹सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रपति और प्रथम महिला को सालगिरह की शुभकामनाएं। भगवान आप दोनों को और भी आशीर्वाद देते रहें।₹ एक अन्य यूजर ने कहा, बेहतरीन जोड़े को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं। यह विचार करना लगभग असंभव है कि आपके आठ उल्लेखनीय वर्षों के बाद हम कहां हैं।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में चल रहे सौन्दर्यकरण के कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

## शहर को जल्द मिलेगा पिकनिक मनाने के लिए सुंदर पार्क : महापौर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व में महापौर सुनीता दयाल ने इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क का निरीक्षण किया था जिसके सौन्दर्यकरण के निर्देश भी दिए थे। उसके उपरांत सौन्दर्यकरण का कार्य शुरू हो गया था जिसका आज महापौर ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया है।

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में जल्द चलेगी नोका : महापौर** - सौन्दर्यकरण के कार्य की लागत लगभग 70 लाख है जिसमे पार्क की बाउंड्री के प्लास्टर, रंगाई-पुताई, फुटपाथ न नवीनीकरण, पार्क के गेट का नवीनीकरण एवं नोका चलाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ-साथ फवारे का कार्य भी किया जाएगा।

**पार्क के फुटपाथ पर लाइट लगाने के महापौर ने दिए निर्देश :** महापौर ने देखा कि पार्क में प्रकाश की बहुत आवश्यकता है तो अधिकारियों को फुटपाथ पर लाइट लगाने के भी निर्देश दिए।

**चाट-पकौड़े और हट बनाने पर महापौर ने बनाई अधिकारियों संग योजना :** महापौर ने मौके पर अधिकारियों को चाट-पकौड़े एवं हट बनाने की योजना तैयार की जिस पर जल्द कार्य किया जाएगा। पार्क में पूर्व में भी नोका विहार बनाया गया था जिसको अब दोबारा शुरू किया जाएगा और जल्द ही शहर को अपने बच्चों एवं परिवार के साथ, स्कूल व अन्य लोगों को पिकनिक मनाने हेतु एक अच्छा पार्क उपलब्ध किया जाएगा।

उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज ने बताया कि कुछ रोज पहले महापौर एवं नगर आयुक्त के निर्देश प्राप्त हुए थे जिस पर कार्य किया जा रहा है। महापौर ने पिकनिक स्पॉट एवं नोका विहार की योजना तैयार कराई है जो शहर हित में समर्पित की जाएगी। इस दौरान उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह, अधिशासी अभियंता देशराज सिंह, सहायक अभियंता श्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 'जल्द ही शहर को समर्पित किया जाएगा एक आधुनिक पार्क'

**करंट क्राइम।** महापौर ने बताया कि उन्होंने पूर्व में ही इस पर योजना बनाई थी, जिस पर आज कार्य किया जा रहा है। मैंने नगर आयुक्त सहित उद्यान प्रभारी व अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर यह निश्चित किया कि हमारे शहर में पिकनिक के लिए कोई स्थान नहीं है तो कुछ ऐसी कार्य योजना बनाई जाए जहां लोग अपने परिवार के साथ जाएं। चाट-पकौड़े, घूमने व नोका का आनंद ले सकें। श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में यह सौन्दर्यकरण किया जा रहा है और जल्द शहर की जनता को समर्पित किया जाएगा।

# सरकारी भवनों पर हाउस टैक्स वसूली को लेकर निगम की कार्रवाई जारी

## कड़ी कार्रवाई करे विभाग : नगर आयुक्त







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** टैक्स वसूली को लेकर गाजियाबाद नगर निगम विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रहा है। ऐसे भवन जो टैक्स से छूटे हुए हैं, उन पर विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सरकारी भवनों पर भी हाउस टैक्स वसूली का कार्य चल रहा है। कवि नगर जोन अंतर्गत एक ही दिन में 15 करोड़ की वसूली सरकारी भवन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन कमला नेहरू नगर हापुर रोड से वसूल किया है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सर्विस चार्ज के रूप में यूनानी हॉस्पिटल से जो कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित है 2.5 साल का टेक्स्ट वसूल किया है जिसको संस्थान के निदेशक सैयद शाह आलम द्वारा निगम के खाते में जमा किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निरंतर शहर हित में कार्य करने के लिए टैक्स वसूली को रफ्तार दी जा रही है जो कि सराहनीय है। समस्त जोन में इसी प्रकार टैक्स वसूली को लेकर कार्य किया जा रहा है।

### कवि नगर ने यूनानी हॉस्पिटल कमला नेहरू नगर से वसूले 15 करोड़

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम टैक्स विभाग वसूली को लेकर रफ्तार से कार्य कर रहा है जिसमें ऐसे सरकारी भवन जिनके द्वारा अपना हाउस टैक्स जमा नहीं कराया गया है, उन पर नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई की जा रही है। मौके पर जाकर वसूली भी कराई जा रही है। समस्त जोनल प्रभारी सरकारी भवनों को टारगेट कर रहे हैं। कवि नगर जोन के अंतर्गत आने वाली यूनानी हॉस्पिटल की बिल्डिंग से 15 करोड़ 19 लाख, 57 हजार, 203 की वसूली की गई है, जो कि कर अधीक्षक आशुतोष द्वारा की गई है। इसी प्रकार अन्य जोन की टीम भी कार्य करें। मुख्य कर निर्धारण आधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा व जोनल प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अटल चौक पर क्या करेंगे वसुंधरा वाले मंडल अध्यक्ष कोई धरना या प्रदर्शन? सुना है अभी तक नही शुरू हुआ है वहां मूर्ति को लेकर कोई काम? मंडल वाले प्रधान कर चुके हैं एलान? कहने वाले ने कहा कि वो कर ही लें तैयारी? क्योंकि नही होगी सरकार से मूर्ति लगाने की आज्ञा जारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब थम गया है नदिया पार वाले पहलवान का जोश? अब वो नही होते हैं किसी मुद्दे पर ज्यादा एंग्री? यश वाले पाल हो गए हैं अब सियासी अखाड़े के इंटेलिजेंट पहलवान? अब वो नही खोलते हैं कोई मोर्चा? संगठन वाले कामों से रखते हैं खुद को दूर? वो वार्ड की जनता की सेवा में हो गए हैं समर्पित संपूर्ण?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें नहीं पता था कि रिवर क्रास वाली लेडी मैम्बर में है इतनी बड़ी प्रतिभा? सुना है उन्होंने तब कराया अपनी इस प्रतिभा का एहसास? जब क्षेत्र की महिलाएं अपनी समस्या लेकर गईं उनके पास? मैडम मैम्बर ने कहा अभी थोड़ी देर में आना? हमारे वो कर रहे हैं पूजा पाठ? इन शब्दों को सुनकर हो गईं महिलाएं हैरान? कहा जिम्मेदार पद पर तो आप हैं फिर कहां से आ गये आपके श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के पांच पार्षदों से मत पूछना उनके दिल का हाल? अगर कुरेदोगे उनको तो फिर जख्म हरे नहीं हो जायेंगे लाल? सुना है पांचों ने पूरी ताकत लगाकर किया था एक सफाई इंस्पेक्टर को अपने क्षेत्र से हटवाने का प्रयास? आज भी सफाई इंस्पेक्टर वहीं पर डटा है? पांचों पार्षदों के सामने आज भी छाई हुई काली घटा है? पांचों मैम्बर हो गये हैं ट्रांसफर कराने में फेल? सफाई इंस्पेक्टर खेल रहा है आज भी अपने खेल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुना है पक गया है अब संबंधों का पपीता? पता चला है कि ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि के यहां पर फिर से चार्ज लेने वाली हैं गीता? सोमवार को वो संभालेंगी मैडम के यहां पर अपना प्रभार? अगर ऐसा हो रहा है तो समझो साहब और मैडम के बीच खत्म हो गई है तकरार? कहने वाले ने कहा चलो जो भी है आपसी विवाद होने चाहिए शांत? नया दौर है और नई उमंगे हैं, अब खिलना चाहिए नया प्लांट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किस मेंबर ने ले ली है कार? गूंज रहा है कार का किस्सा बीच बाजार? क्या कार और सरकार के सीन में हो गई एंट्री ऑफ उपहार? कहने वाले ने कहा कि जाने भी दो यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के यंग ठाकुर ने अपनी कमिश्नरी के भगवा प्रभारी से पूछ लिया व्हाट्सऐप ग्रुप पर सवाल? कहा कमिश्नरी की टीम की पूरी लिस्ट आप करोगे यहां पर अपलोड? सुना है अभी तक नहीं ले रहा है इस मामले में लोड? यंग ठाकुर के सवाल पर दिया सोशल वाले प्रभारी ने जवाब? कहा लिस्ट डालने के लिए भगवा कमांडर ने मना किया हुआ है? जब डलेगी लिस्ट तब सामने आ जायेगी सारी बात? कहने वाले ने कहा बहकाने वाले ने यंग ठाकुर को बहकाया है? अभी तक लिस्ट का एक भी पन्ना तैयार नहीं हो पाया है?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उपाध्याय जी के पास पंडित जी ने दे दी थी उनको कुछ दिन पहले ही सलाह? कहा था संगठन वाले शर्मा को साथ रखने से नहीं होने वाला है आपका भला? प्रिय पंडित जी ने इसके पीछे दिया था विशेष वाला तर्क? कहा था भगवा कमांडर से इन शर्मा जी की पटरी नहीं खाती है? इसलिए बन रहे है आपके ये विधानसभा वाले साथी हैं? हमने देखी है ऐसी बहुत सारी राजनीति? कभी दौड़ाये हमने हाथी हैं?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मंडी से निकल कर बाहर आई है एक कहानी? सुना है मंडी के अंदर नहीं बनने दी जा रही है नारियल की कहानी? जीरो टैक्स है तो लगाने वालों ने लगा दिया है उसकी एन्ट्री पर बैन? बावजूद इसके व्यापारियो को दो भगवा मैम्बर के दो प्रतिनिधि नहीं लेने दे रहे हैं चैन? नहीं होने दे रहे हैं ये नारियल वाले का मामला रिलैक्स? वसूल रहे हैं उससे अपनी सुविधा वाला टैक्स?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नीले खेमे में चल रही है एक अलग ही बयार? वहां पता नहीं कब कौन हो जाये किस मामले में पार्टी से बाहर? पुराने महावत ने कहा कि होनी चाहिए इस बात की जांच? जब थे मुकदमें दर्ज तो क्यों लेकर गये थे उसे हाईकमान के पास? कहने वाले ने कहा कि हो जाती है कई बार इस तरह की मिस्टेक? ये नीला खेमा है और यहां ले लिया जाता है ऐसे में तुरंत ही रिटेक?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वृद्धजनों को वितरित किए जीवन सहायक उपकरण

## कहा, हर वर्ग का ख्याल रख रही है मोदी-योगी सरकार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शुक्रवार को ब्लॉक में लगभग 100 से अधिक वृद्धजनों को राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत दैनिक जीवन सहायक उपकरण वितरण किए। योजनांतर्गत विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने चयनित वृद्धों को व्हील चेयर, कमोट, गरदन बेल्ट, कमर बेल्ट, घुटने की बेल्ट, छड़ी, चश्मा वितरित किया।

इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वृद्धजनों के लिए संचालित योजना के तहत दिया गया लाभ सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वृद्धजनों का बेटा बनकर उनका ख्याल रख रहे हैं, उनकी जरूरतों का ख्याल रख रहे हैं जो आज तक किसी सरकार ने नहीं किया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह, खण्ड विकास अधिकारी लोनी विन्नी यादव, वयोश्री योजना के अधिकारी विक्रम, एडीओ राकेश चौधरी व ब्लॉक के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों पर बने कूड़े के पहाड़







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सालाना 19 करोड़ रुपये संपत्ति कर देने वाले साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में सड़कों पर कूड़े के पहाड़ बन गए हैं। जिस कारण यहां से जाने वाले वाहन चालकों को बदबू का सामना करना पड़ता है। आरोप है कि नगर निगम के कर्मचारी कई-कई दिन तक कूड़ा नहीं उठाते हैं। जिस कारण सड़कों पर अन्य कॉलोनी के भी कूड़ा फेंका जाने वाला कूड़ा नाले में पहुंच जाता है और नाले के पानी का बहाव रुक जाता है। नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगता है। रोजाना दिल्ली-नोएडा से भी आते हैं लोग। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में रोजाना नोएडा, दिल्ली सहित अन्य स्थानों से भी उद्यमी आते हैं। यहां पर गंदगी देख वह परेशान होते हैं। गंदगी की शिकायत वे लोग साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया के उद्यमियों से करते हैं। उद्यमियों द्वारा नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की जाती है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं करवाया जाता है। आश्वासन देकर टरका दिया जाता है। 19 करोड़ रुपये का सालाना टैक्स देने के बाद भी नगर निगम का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। न तो यहां पर समय पर सफाई करवाई जाती है, न ही क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करवाया जाता है।

### अन्य कॉलोनियों का कूड़ा औद्योगिक क्षेत्र में डाला जा रहा : चरनजीत सिंह



**करंट क्राइम।** चरणजीत सिंह, कार्यालय सचिव, साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का कहना है कि सड़क पर गंदगी के कारण दिल्ली-नोएडा सहित अन्य स्थानों से आने वाले उद्यमी भी परेशान होते हैं। वह हमसे शिकायत करते हैं, हम लोग नगर निगम के अधिकारियों को कई बार इस बारे में अवगत कराया गया। लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज आश्वासन देकर टरका दिया जाता है।

### समय से नहीं उठ रहा कूड़ा : अजीत तोमर



**करंट क्राइम।** अजीत तोमर उपाध्यक्ष, साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का कहना है कि रोजाना सड़कों पर आसपास की कॉलोनियों का कूड़ा साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में डाला जा रहा है। अब तो हद हो गई, गाजीपुर जैसा हाल हो रहा है औद्योगिक क्षेत्र का।

### शिकायत करने के बावजूद भी समाधान नहीं हो पा रहा : संदीप कुमार



**करंट क्राइम।** संदीप कुमार उद्यमी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में कूड़े की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। पिछले 15 दिन से जगह-जगह कूड़ा जमा हो रहा है। इससे उद्यमियों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाहर से भी होटल के बचा हुआ खाना सहित अन्य कूड़े को औद्योगिक क्षेत्र में फेंका जा रहा है। इससे निकलने वाली बदबू से लोग परेशान हैं। जानवरों का जमावड़ा लगा रहता है। कूड़े की समस्या को लेकर नगर निगम के उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी समाधान नहीं हो पा रहा है।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में ई-ऑफिस का संचालन शुरू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में शुक्रवार से ई-ऑफिस का संचालन प्रारम्भ हो चुका है, जिसके अन्तर्गत म्यूटेशन (नाम दर्ज) से सम्बन्धित कार्य एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय से सम्बन्धित समस्त कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से सम्पादित किया जाना प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके सम्बन्ध में सचिव एवं अपर सचिव द्वारा प्राधिकरण सभागार में सम्बन्धित समस्त स्टाफ के साथ बैठक की गयी एवं शीघ्र ही अन्य अनुभागों के कार्यों को भी ई-ऑफिस के माध्यम से सम्पादित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# 11वां जाट युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को आयोजित होगा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पारिवारिक मिलन जाट समाज ने 6 अक्टूबर को एनआर ग्रांड वेव सिटी में होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी एवं व्यवस्था को लेकर एक बैठक की। बैठक में संस्था के संरक्षक, पदाधिकारी गण एवं सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया। जाट समाज के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने आगामी 11वें जाट युवक युवती परिचय सम्मेलन की अब तक की तैयारियों के बाबत विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान समिति के लोगों को स्वागत, रजिस्ट्रेशन, भोजन, पुस्तिका वितरण, मंच संचालन की ज़िम्मेदारी सौंपी गई। महामंत्री अरुण चौधरी ने बताया कि विवाह हेतु 700 आवेदन फॉर्म को परिचय सम्मेलन की पुस्तिका में चढ़ाया जा चुका है। शेष अब तक आ रहे आवेदनों को सप्लीमेंट्री पुस्तिका में चढ़ाने की प्रक्रिया जारी है। विवाह योग्य जाट युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राम औतार सिंह पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय, सुरेन्द्र कुमार वर्मा आई.ए.एस, अध्यक्षता के लिए चौधरी रणबीर सिंह रिटायर्ड डीएसपी व पूर्व अध्यक्ष जाट समाज मौजूद रहेंगे। जाट समाज की कार्यक्रम तैयारी बैठक में चौधरी लेखराज सिंह, अजय प्रमुख, अमरजीत सिंह बिड्डी, राजकुमार चौधरी, अरुण चौधरी भुल्लन, धर्मेंद्र चौधरी, डॉक्टर सरोज सिरोही, सत्येंद्र तेवतिया, देवव्रत चौधरी, सुनील चौधरी, अरविंद बालियान, विजय पाल चौधरी, जगबीर सिंह, वंदना चौधरी, प्रदीप चौधरी, करुणा चौधरी, मोना चौधरी, दीपक चौधरी, चौधरी जयप्रकाश सिंह, रविंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महिला नेता अमृता सिंह ने अपनी पोस्ट से जीवन का नजरिया समझाया। उन्होंने कहा कि खुद को बदलना सबसे बेहतर बदलाव होता है। अमृता सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।**